तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 24.3 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 12 मई 2025

12 दुर्ग जिले में भारतमाला परियोजना की समयावधि में नहीं हो पाई जांच

13 विनायकपुर में 10 वीं में प्रथम भावना और 12 वीं में कोकिल रही

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

खबर संक्षेप

खुले में मांस-मछली बेचना किया प्रतिबंधित

भिलाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में खुले में मांस मछली बेचा जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके लिए नगर निगम भिलाई के सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है, कि उनके क्षेत्र में जहां कहीं पर भी खुले, सार्वजनिक स्थल पर मांस मछली बेची जा रही है। वहां पर कार्रवाई करें। आदेश प्राप्त होते ही सभी जोन में कार्रवाई शुरू हो गई है। देखने में आ रहा है कि रविवार एवं बुधवार को अधिकांश जगहों पर खुले में मांस मछली की दुकान खुल जाती हैं। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें प्रश्रय दिया जाता है। यदि स्थानीय लोग ऐसी दुकानों का विरोध करेंगे, वहां पर खरीदने नहीं जाएंगे यह दुकान नहीं लगेगी। छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उक्त व्यवसाय के लिए निर्धारित बेंडिंग जोन प्रदान करके दिया जाना है। जिससे वे व्यापारी वहीं पर व्यवसाय कर सके।

कॉपर चोरी मामले में कार मालिक गिरफ्तार

भिलाई। बीएसपी में लाखों रुपए का कॉपर चोरी मामले में पुलिस ने कार मालिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि संयंत्र की सुरक्षा मे तैनात सीआईएसएफ के उप निरीक्षक ने पुलिस में शिकायत किया था। जिसमें बीएसपी के भीतर कुछ व्यक्तियों के द्वारा भारी मात्रा में कापर की चोरी करने की बात उल्लेख थी। पुलिस ने इस मामले में घटना में उपयोग किए गए वाहन स्वामी स्टेशन मरोदा नेवई निवासी विजय कुमार साहू 38 वर्ष को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि नैनो कार में प्लांट से सामान को निकालने में उपलब्ध कराता था। जिसे न्यायालय में पेश किया गया है। पहले आरोपीगणों द्वारा 220 किलो ग्राम कॉपर वायर चोरी हुआ था। जिसमें कार का उपयोग किया गया था। कॉपर की कीमत 1 लाख 32 हजार रुपए की आंकी गई है।

देर रात तक परोसी जा रही थी शराब, कार्रवाई

भिलाई। पुलिस ने बार और होटल की चेकिंग के लिए निकली थी। इस दौरान सूर्या मॉल के पास स्थित लिस्टोमिनियां बार संचालक ने देर रात तक अवैध रूप से शराब ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाना पाया गया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बार संचालक ने शासन के नियमों का उल्लंघन किया है। मौके पर पहुंची टीन ने पंचनामा तैयार कर लिस्टोमिनिया क्लब व बार का लायसेंस निलंबन करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने क्लब बार संचालकों को हिदायत दिया जाता है कि वे शासन व्दारा जारी नियमों के अनुरूप ही अपने क्लब एवं बार को बंद करें।

अप्रैल महीने तक बढ़ाकर जनता को दी थी छूट, पेनल्टी भी नहीं लगाया

महीनेभर में 6 प्रतिशत छूट, भिलाई 10.91 व रिसाली निगम को 1.5 करोड़ टैक्स मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश सरकार द्वारा निगमों का आय बढ़ाने के लिए दी गई एक महीने की छूट का भिलाई व रिसाली के लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। वित्तीय वर्ष 2024-25 मार्च 31 को समाप्त हो गई थी लेकिन इसे एक महीने आगे यानी अप्रैल महीने तक बढ़ा दिया। इस अवधि में लोगों को टैक्स जमा करने पर 6 प्रतिशत की छूट भी मिली और पेनाल्टी से भी बचे। इस स्कीम से भिलाई और रिसाली के लोगों को फायदा पहुंचा साथ ही दोनों निगमों की टैक्स वसूली की स्थिति में सुधार आया। इस योजना के बाद भी दोनों की निगमों में वसूली का टारगेट पूरा नहीं हो पाया है।

भिलाई को 10.91 करोड़ व रिसाली निगम को मिले 1.05 करोड़

अप्रैल 2025 में भिलाई निगम में टैक्स के रूप में 10.91 करोड़ रुपए जमा हुए। वहीं रिसाली निगम में 1.05 करोड़ रुपए का टैक्स आया। वित्तीय वर्ष 2024-25 मार्च तक रिसाली निगम ने टैक्स के रूप में 18.09 करोड़ रुपए की वसूली की थी। यह बढ़कर अब 19.14 करोड़ रुपए हो गया है। भिलाई निगम की वित्तीय वर्ष 2024-25 मार्च तक 101.79 करोड़ रुपए की थी। यह बढ़कर अब 119. 23 करोड़ रुपए तक जा पहुंचा।

भिलाई निगम के प्रमुख टैक्स वसूली

वित्तीय वर्ष 2024-25 राशि लाख में

मद	टारगेट	वसूली
संपत्ति कर	3264.91	3013.61
समेकित कर	849.19	704.09
जलकर	250.00	277.45
दुकानों का किराया	120.00	34.27
भवन, भूखंड	4500.00	1374.16

रिसाली निगम के प्रमुख टैक्स वसूली

वित्तीय वर्ष 2024-25 राशि लाख में

मद	टारगेट	वसूली
संपत्ति कर	1020.25	853. 49
समेकित कर	239.17	198.18
जलकर	243.06	170.05
दुकानों का किराया	6.80	6.80
यूजर्स चार्जेस	180.01	174.70

ठेके पर देने के बाद भी पिछड़े निगम

निगमों में संपत्ति कर आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भिलाई निगम में सालाना संपत्ति कर के रूप में वर्ष 2024-25 में 32.65 करोड़ रुपए वसूला जाना था। यहां निगम ने 30.13 करोड़ रुपए यानी 92.30 प्रतिशत वसूली की। रिसाली निगम ने 10.20 करोड़ रुपए संपत्ति कर के विरूद्ध 8.53 करोड़ रुपए यानी 83.69 प्रतिशत टैक्स वसूली की है। दोनों ही निगमों ने टैक्स वसूली के लिए निजी कंपनियों को ठेके पर रखा है। दोनों की निगम आयुक्तों ने कंपनी को शत-प्रतिशत टैक्स वसूली के आदेश दिए। बैठक लेकर समीक्षा की और शत-प्रतिशत वसूली पर जोर दिया। बावजूद इसके संपत्ति कर की वसूली संतोषप्रद दिखाई नहीं देता।

छूट का मिला रिस्पांस

वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 मार्च तक टैक्स जमा करने का समय था। राज्य सरकार ने इसे अप्रैल महीने तक बढ़ाया और लोगों को टैक्स जमा करने पर 6 प्रतिशत तक छूट दी। पेनाल्टी भी नहीं लगाया। इसका रिस्पांस मिला और वसूली बढ़ी।

-मोनिका वर्मा, निगम आयुक्त रिसाली

समीक्षा से बढ़ी वसूली

हमने समय समय पर टैक्स वसूली की समीक्षा की और टारगेट पूरा करने एजेंसी को सख्त निर्देश दिए। इससे संपत्ति कर की वसूली बेहतर की जा सकी है।

- राजीव पांडेय, निगम आयुक्त भिलाई

टारगेट में अब भी पीछे- भिलाई में 78% और रिसाली में 84% वसूली

महीनेभर छूट देने के बाद दोनों की निगमों की आय में बढ़ोतरी हुई है लेकिन वसूली का टारगेट पूरा नहीं किया जा सका। भिलाई निगम ने अप्रैल 2025 तक 78 प्रतिशत ही टैक्स वसूल पाई। यानी 22 प्रतिशत टारगेट से पीछे हो गए। इस निगम की कुल वसूली टारगेट वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष में 146.81 करोड़ रुपए की थी और वसूली 101.79 करोड़ रुपए 69.53 प्रतिशत की जा सकी। अप्रैल 2025 में यह 8.80 प्रतिशत और बढ़ी। रिसाली निगम ने 84 प्रतिशत टैक्स की वसूली की है। टारगेट 21.59 करोड़ रुपए का था जबकि 18.09 करोड़ रुपए यानी 83.74 प्रतिशत वसूली की गई। ये निगम टारगेट से 16 प्रतिशत मात्र पीछे रह गया।

डबरापारा में सड़क हादसा, कार चालक गंभीर रूप से घायल

भिलाई। तेज रफ्तार से आ रही कार सामने चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में कार चालक का पैर फैक्चर हो गया वहीं मालिक पूरी तरह सुरक्षित है। लेकिन कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि घटना डबरापारा फ्लाई ओवर ब्रिज का है। इनोवा कार सीजी 08 एटी 2705 ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। कार रायपुर से राजनांदगांव जा रही थी। रायपुर-भिलाई नेशनल हाईवे पर कार जैसे ही डबरापारा फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंची। तभी कार ने ट्रक को बगल से ओवरटेक किया, लेकिन अचानक चालक ने ट्रक का लेन बदल दिया। जिससे ट्रक का पिछला हिस्सा कार के आगे आ गया। कार सीधे ट्रक के पीछे जा घुसी। कार के सामने इंजन का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार के परखच्चे भी उड़ गए। हादसे के बाद इनोवा ओवर ब्रिज के ऊपर ही सिमट गई। जबकि चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची घायल कार चालक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

कार्यालय स्थानांतरण सूचना

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय का स्थानांतरण भिलाई कार्यालय में हो चुका है, अब दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं भिलाई कार्यालय से संचालित हो रही है। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

फोन नं. 0788-4091720
98261-22213, 94250-24026
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com

पूरे दिन उमस भरी गर्मी, देर शाम को हल्की बूंदाबांदी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लगातार दूसरे दिन सूर्यदेव ने अपना प्रचंड रूप दिखाया। तेज धूप और बीच में हल्के बादल के प्रभाव से वातावरण में उसमभरी गर्मी हो गई है। देर शाम करीब 7 बजे हल्की बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। इससे लोगों ने हल्की राहत महसूस की। कई क्षेत्रों में यह स्थिति भी नहीं भी लेकिन हवाए जरूर नम हो गई। रविवार को भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया ।

उमस भरी गर्मी बढ़ी

उमसभरी गर्मी की वजह से लोगों के घरों में लगे एसी-कूलर तक काम करना बंद कर दिया है। न दिन में और न ही रात में लोगों को चैन है। दिनभर तापमान बढ़ जाने की वजह से कूलर व एसी की गति प्रभावित हो रही है। रात में थोड़ी बहुत राहत लोगों को जरूर मिल रही है। पंखे तो दिन-रात चल रहे हैं लेकिन गर्म हवा फेंक रही है। इसलिए ज्यादातर लोग कूलर व एसी के साथ पंखे भी चला रहे हैं।

बदल रहा है मौसम

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि पश्चिमी विक्षोभ 71 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका मराठवाड़ा से मन्नार की खाड़ी तक, 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से प्रदेश में 12 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात हो सकती है। अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि जारी है।

रंगदारी वसूलने के मामले में जेल प्रहरी गिरफ्तार

भिलाई। रंगदारी वसूली करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 308(2), 308 (5), 111 (2) (ख), 3.5 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि

पदमनाभपुर पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी प्रतीक वासनिक ने जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा को पैसे भेजना बताया था। जेल प्रहरी का नाम आने पर जेल प्रशासन के सहयोग से जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा से पूछताछ करने पर बताया कि जेल में बंदी संदीप वासनिक व्दारा आरोपी प्रतीक वासनिक के माध्यम से इसे पैसा भिजवाया है। जो जेल में सामान पहुंचाने के एवज में लेना स्वीकार किया। आरोपी के मोबाइल फोन पर रकम आना स्पष्ट हुआ। आरोपी के जनता मार्केट एलआईजी 554 पद्मनाभपुर निवासी जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर घटना में मोबाइल फोन, स्टेटमेंट जप्त किया है। इसके पूर्व पुलिस ने प्रगति नगर छावनी निवासी इसराइल कुमार, दुर्गा चौक मोहन नगर के अजय दीवान, साक्षरता चौक कैम्प 1 के प्रतीक वासनिक, मोहन नगर के संजय वासनिक, साक्षरता चौक कैम्प 1 लोकेश्वरी साहू को गिरफ्तार किया था।

सूर्या मॉल और स्टेशन में पुलिस ने की जांच

मॉकड्रिल: बम की अफवाह से खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पाकिस्तान के साथ भारत का मौजूदा हालात को लेकर दुर्ग पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को अपडेट करते हुए रेलवे स्टेशन और सूर्या मॉल में डॉग स्क्वाड के साथ बम डिस्पोज स्क्वाड की टीम पहुंची। इस दौरान दुर्ग रेलवे स्टेशन समेत सिविक सेंटर इलाके में पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ तीनों जगहों पर पहुंचकर सघन खोजबीन की। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी भी जांच में शामिल रही। सूर्या मॉल के भीतर शनिवार की रात एक एक शो रूम और दुकानों समेत पार्किंग एरिया की बारीकी से जांच किया गया। वहीं सिविक सेंटर क्षेत्र में खड़ी वाहनों की तलाशी भी ली गई। पुलिस को बम डिटेक्टर मशीन से तलाशी लेते देख मौजूद लोगों में अनहोनी का डर दिखने लगा। लेकिन जब मॉकड्रिल की जानकारी हुई तो सभी ने राहत की सांस ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे हमले को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए दुर्ग पुलिस ने बम डिस्पोजल स्क्वाड,डॉग स्क्वाड के साथ मिलकर सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में रिहर्सल किया।

स्टेशन के पार्सल सेंटर तक चेकिंग

दुर्ग रेलवे स्टेशन में सुरक्षा के लिहाजे से जीआरपी, आरपीएफ के पुलिस जवानों ने दुर्ग पुलिस के साथ मिलकर चेकिंग किया। यहां पार्सल सेंटर समेत आने जाने वाले यात्रियों उनके सामनों को चेक किया गया। मॉल में जो लोग वहां बैग और छोला लेकर घूम रहे होते हैं उनकी भी तलाशी ली गई। लोगों को बताया गया कि वे किस तरह इस तरह की संदिग्ध गतिविधि को देखकर अलर्ट रहे और इसकी सूचना पुलिस को जरूर दें।

सिविक सेंटर में भी जांच

रिहर्सल के दौरान स्मृति नगर, सुपेला, दुर्ग के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। मॉल में मौजूद लोगों के मुताबिक भारत पाक युद्ध को देखते हुए एक तरह का रिहर्सल है। इसलिए पैनिक होने की जरूरत नहीं है। लोगों को उसी हालत से गुजारा जिस हालत में रियल बम मिलने पर किया जाता है।

मॉकड्रिल किया गया

“ यह ब्लैक आउट और मॉकड्रिल की तरह एक रिहर्सल था। इसके लिए बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी साथ लिया गया था। पुलिस को अचानक डमी इनपुट मिलता है कि दुर्ग स्टेशन, सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में बम रखा गया है। सुरक्षा के लिहाजे से पहुंची थी टीम।

-सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी भिलाई नगर

खबर संक्षेप

दो परिवारों ने किया देहदान

दुर्ग। जिला चिकित्सालय में दो परिवारों ने देहदान किया है। अशोक कुमार ब्राम्हणे एवं उनकी पत्नी श्रीमती मीना ब्राम्हणे व धनोरा निवासी पुष्पलता साहू ने सिविल सर्जन डॉ हेमंत साहू, डॉ. केके जैन और नेत्र चिकित्सा अधिकारी अजय नायक की उपस्थिति में अपने देहदान की घोषणा की। दोनों परिवारों ने अपनी वसीयत नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राजेश पारख को सौंपी। अशोक कुमार ब्राम्हणे और श्रीमती मीना ब्राम्हणे के पुत्र डॉ अनमोल ब्राम्हणे और पुत्री डॉ अनुभूति ब्राम्हणे ने अपने माता-पिता के इस निर्णय के लिए पूर्ण सहमति प्रदान की। इसी प्रकार श्रीमती पुष्पलता साहू की पुत्रियों सुश्री तृप्ति साहू और सुश्री ज्योति साहू ने भी अपनी माँ के देहदान के निर्णय का समर्थन किया। यह कदम न केवल चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा, बल्कि समाज में देहदान और नेत्रदान जैसे सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

विवाद पर दामाद ने की ससुर की हत्या

राजनांदगांव। विवाद के चलते आक्रोशित दामाद ने अपने ससुर पर वजनी चीज से हमला कर हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दामाबंजारी में इंदल वाल्दे 56 के घर उनका दामाद लोमस उम्र लगभग 42 वर्ष कोहका तुमडीबोड निवासी आया हुआ था। बताया गया कि गांव में रिश्तेदारी में शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह अपने ससुर के घर रूका था। पुलिस के अनुसार आरोपी लोमस अक्सर वाद-विवाद करता था।

संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत बनाने जिले का हो रहा दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष का संगठनात्मक मंडल दौरा कार्यक्रम दुर्ग जिला संगठन में जारी है इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंजोरा मंडल एवं अंडा निकुम मंडल में बैठक हुई। बैठक में से दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, मंत्री आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा कार्यालय मंत्री, मनोज सोनी मीडिया प्रभारी, राजा महोबिया वरिष्ठ भाजपा, नेता प्रीतपाल बेलचंदन, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, मंडल भाजपा अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, लिकेश्वर देशमुख, युवा मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता परिश्रमी और मेहनतकश है। राष्ट्रवादी विचारधारा प्रत्येक कार्यकर्ताओं में भरा हुआ है। हर कार्यकर्ता संगठन को लेकर सदैव सजग रहता है आप सभी ने अथक परिश्रम से दुर्ग में इतिहास रचा वह भी विपरीत परिस्थितियों में। सांसद विजय बघेल ने कहा कि देश के वर्तमान हालात से आप सभी भली भांति वाकिफ है।

राष्ट्रवादी विचारधारा से ओत-प्रोत हैं भाजपा कार्यकर्ता : विजय

कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनी सरकार

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर कार्यकर्ता अपने आप में बहुमूल्य है आप सभी के पूर्व की कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार को फेंकने के लिए पूरे 5 साल तक मेहनत किया प्रदेश में भाजपा की सरकार वापस लाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में विभिन्न जनहित कार्य योजनाओं के माध्यम से हम जन मानस का जीवन में सुधार आया है और वर्तमान हमारे सरकार होने के नाते हम सभी का दायित्व बनता है।

पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने संगठन के सारे कार्यों का निष्पादन ईमानदारी से पूर्ण किया। संपादित नगर निगम चुनाव एवं त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में हमने के ऐतिहासिक जीत प्राप्त की यह सब आपके के कारण ही संभव हो पाया पूर्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और पूरा सरकार यही से चलती है उसे विपरीत परिस्थिति में आप सभी ने संगठन के कार्यों को साथ-साथ उपस्थिति दर्ज की प्रदेश से कांग्रेस सरकार को उखाड़ कर फेंक दिया।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 18 मार्च को जारी किए थे निर्देश

दुर्ग जिले में भारतमाला परियोजना की समयावधि में नहीं हो पाई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतमाला परियोजना के तहत राज्य शासन द्वारा दुर्ग जिले को भी संदेह के दायरे में रखा है। अब तक किए गए मुआवजा वितरण को लेकर राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने विगत 18 मार्च को निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें बकायदा जांच के बिन्दु तय किए गए थे। लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट ही शासन को नही भेजी गई हैं। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग जिले के पाटन और दुर्ग ब्लाक में मुआवजा बांटने में भारी गडबडी किए जाने की शिकायत सामने आई है। जिले के डेढ सौ से अधिक किसान उचित मुआवजा और कम मुआवजा की गणना को लेकर कोर्ट का रास्ता नाप रहे है। राज्य शासन के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आदेश में दुर्ग जिले से भी शिकायत किए जाने का उल्लेख किया गया है। ऐसे में भारतमाला परियोजना के तहत भू अर्जन अधिकारियों की लापरवाही जांच में उजागर हो सकती है। बहरहाल आदेश जारी होने के पन्द्रह दिन के अंदर राज्य शासन द्वारा रिपोर्ट मांगे थे। लेकिन दुर्ग संभागायुक्त द्वारा अब तक रिपोर्ट राज्य शासन को नही भेजी गई हैं।

शासन को नहीं भेजी जा सकी है रिपोर्ट, मुआवजे में भारी गड़बड़ी की शिकायत



सवा सौ से अधिक आपत्तियां, काट रहे चक्कर

मुआवजा नही मिलने से नाराज 120 भू-स्वामियों के जमीन पर आपत्ति लगाए है। बडी बात यह है कि, पीडित किसानों को अवार्ड पत्र भी नहीं दिया गया है। जबकि सबकी रजिस्ट्री अधिसूचना जारी होने के पहले की है। भू-स्वामी धनोरा के शिव चन्द्राकर का कहना है कि, ग्राम पंचायत से अनुमति लेकर पक्का मकान बनवाया है, लेकिन उन्हें मकान का मुआवजा नही मिला है। इसी तरह के और भी किसानों के साथ हुआ है। बडी बात यह भी है कि, कई प्रकरण को दुबारा अवार्ड पारित कर लाभ पहुंचाया गया है, जिससे सरकार को नुकसान हुआ है।

इन बिन्दुओं में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश

भारतमाला परियोजना अंतर्गत भूमि अर्जन की संपूर्ण प्रक्रिया की जांच कराया जाने का उल्लेख आदेश में किया गया हैं। जिसमें पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर रिपोर्ट तैयार करना था। प्राप्त शिकायतों पर 15 दिवस में कार्यवाही किया जाना था। जांच में मूल खसरें को केवल अधिक मुआवजा प्राप्त करने के प्रयोजनों से छोटा-छोटा भूखण्डों में विभाजित कर मुआवजा प्रकरण तैयार किए जाने की भी पडताल की जानी थी। वहीं मूल भूमि के हस्तांतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन, नवीन निर्माण और अधिक मुआवजा प्राप्त करने के लिए पूर्व दिनांक से फर्जी नांमातरण, बंटवारा प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किया जाने के मामले में जांच के निर्देश दिए थे। वही यह भी कहा गया था कि, भूमि पर स्थित सम्पतियों का सही विवरण प्रस्तुत नही किए जाने के मामले में भी जांच किया जाए।

मानव दिवस बढ़ाने को लेकर कांग्रेस आंदोलन के मूड में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के कार्यों में मानव दिवस के लक्ष्य को काम करने के खिलाफ पूरे प्रदेश में कांग्रेस आंदोलन के मूड में है ।मजदूरों को हर जिले में एकजुट करने का प्रयास की जा रहा है । 16 मई को दुर्ग जिला मुख्यालय में कांग्रेस बड़े प्रदर्शन का ऐलान कर चुकी है ।

■ ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों को दिया गया निर्देश

प्रदर्शन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को निर्देश जारी कर मजदूरों को एकजुट करने का प्रयास कर रही है। मांग पूरी नहीं होने पर जिले के ग्रामीण और किसान, मजदूर अपनी मजदूरी की सामग्री झौआ, टोकना, घमेला लेकर जिला कलेक्ट्रेट में 16 मई को प्रदर्शन करेंगे । राकेश ने बताया कि प्रदर्शन की व्यापक तैयारी जिले में चल रही है। प्रदर्शन में कांग्रेस के सभी विंग के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

घटा दिया गया है लक्ष्य

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा में 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था । लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था । और वर्तमान वित्त वर्ष 2025 26 में इसे और घटाकर18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है।जो कि केवल 35 प्रतिशत हो जाता है । जबकि जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है । इस कारण केवल दस हजार मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है। अन्य वर्षों की तुलना में इस समय 40 से 50000 मजदूर जिले में मनरेगा में कार्यरत होते थे ।

पलायन की आशंका

मनरेगा में कार्य कर मजदूरी से ग्रामीण खेती किसानी और अन्य कार्य करते थे । उनके आगे रोजगार का संकट हो रहा है , बेरोजगारी के चलते मजदूरों ग्रामीण मजदूरों के सामने आनेवाले दिनों में रोजगार का सकंट मंडराने लगा हैं मजदूर घर परिवार छोड़कर अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन की तैयारी कर रहे है । मानव दिवस कम किए जाने से मजदूरों में भी आक्रोश है।कांग्रेस ने मानव दिवस बढ़ाने की मांग को जोर शोर से उठाने की तैयारी की है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने हरिभूमि को बताया कि 14 मई तक मनरेगा के मानवदिवस को 42 लाख किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर दुर्ग को प्रतिवेदन दिया गया है ।

भगवान बुद्ध जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



निधन

जानकी देवी खटवानी

भिलाई। विवेकानंद नगर निवासी जानकी देवी खटवानी का निधन रविवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 11 मई को उनके निवास 1479, सड़क-22 सुपरिणय भवन के पास से रामनगर मुक्तिधाम के निकाली गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे परमानंद खटवानी की पत्नी, राजकुमार, किशोर की मां और दिलीप की चाची, सन्नी की दादी थीं।

रेतुलेश चक्रधारी

दुर्ग। नयापारा वार्ड 2 निवासी रेतुलेश चक्रधारी उम्र 35 वर्ष का निधन 11 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ मुक्तिधाम में किया गया। वे पूनम चक्रधारी के पति और लवंश चक्रधारी के पिता थे। कमलेश, मिथलेश, विमलेश के भाई थे।

शेषनारायण पाटिल

भिलाई। प्रदीप्ति नगर बोरसी दुर्ग निवासी शेषनारायण पाटिल उम्र 34 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे साहित्यिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकुमार पाटिल के बड़े पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। उनके निधन पर मरार पटेल समाज के पदाधिकारी ब्रह्मदेव, बिंदु, राजेन्द्र, ईश्वर आदि ने श्रद्धांजिल दी है।

भाजपा पाटन मंडल की हुई संगठनात्मक बैठक

कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा ने पंच से लेकर पार्लियामेंट तक सपना किया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा के चलते देश हित के लिए सदैव तत्पर रहते हैं: जितेन्द्र

भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के संगठनात्मक दौरा कार्यक्रम के लगातार मंडलों में जारी है। इस कड़ी में पाटन विधानसभा के पाटन मंडल की रेस्ट हाउस पाटन में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई।

आयोजित बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला मंत्री दीपक चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, युवा मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता मेहतर वर्मा उपस्थित थे।

आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि 5 जनवरी को मेरी नियुक्ति के पश्चात 10 जनवरी को आचार संहिता लग गई संगठन प्रवास नहीं हो पाया और हम सभी चुनाव में भी लग गए थे। चुनावी बैठकों में आप सभी से मेरी भेंट मुलाकात हुई थी लेकिन संगठन विस्तार के पूर्व आप सभी से मेरी भेंट और संगठन की समीक्षा हो इस उद्देश्य को लेकर आप सभी के बीच संगठनात्मक बैठक लेने पहुंचा हूं। केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के इच्छा के अनुरूप आप सभी अथक परिश्रम से पंच से लेकर पार्लियामेंट तक का सपना हमने साकार किया। भाजपा पांच निष्ठा के आधार पर कार्य करती है और पूर्ण रूप से राजनीतिक पार्टी होने के चलते चुनाव लड़ना पड़ता है।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने आगे कहा कि केंद्र के नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पहलगाम हमले में हुए नागरिकों को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक किया। आज पूरा हिंदुस्तान देश की सेना और मोदी के साथ खड़ा है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा के चलते देश को प्रथम स्थान पर रखता है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देश के वर्तमान हालात को ध्यान में रखते हुए जरूरत पड़ने पर अपने आपको पूर्ण रूप से तैयार रखें देश के सेवा की खातिर चाहे वह किसी भी रूप में हो। आयोजित बैठक में जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, नगर पंचायत सभापति केवल देवांगन, सभापति नेहा बाबा वर्मा, पार्षद जितेन्द्र निर्मलकर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, जनपद सदस्य डुलेश्वर मानकुर, भावना निषाद, प्रणव शर्मा, पूर्व मण्डल महामंत्री हरिशंकर साहू, केशव बंछोर, सागर सोनी, रोशन वर्मा, राज देवांगन, मिलन देवांगन, ओमप्रकाश साहू, विष्णु निषाद, विनीता देवांगन, रेणुका बिजौरा, हेमलता पटेल, किरण बंछोर, विष्णु निषाद, आदित्य सावर्णी, पदाधिकारी गण, पार्षद व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पार्टी के लिए अपना समर्पण दे

निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव अनुशासन में रहने वाली पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन के दायरे में रहते हुए भाजपा के समस्त संगठनात्मक कार्यों का संपादन कर रहा है। देश हित की बात जब आती है तो राष्ट्र प्रथम, भारतीय जनता पार्टी द्वितीय और परिवार अंतिम श्रेणी में माना जाता है। आप सभी ने संगठन के लिए अपना तन-मन-धन सब कुछ लगाया है आने वाले समय में भी इसी तरह पार्टी के लिए अपना समर्पण दे।

अंचल की खबरें

चरोदा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी चरोदा मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्व में परिचयात्मक, संगठनात्मक बैठक होटल आनंद सागर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा विशेष रुप में मौजूद थे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने किया। जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, विजेंद्र सिंह , पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले, पूर्व नपा अध्यक्ष शशिकांत बघेल, सीता साहू , जिला मंत्री दिलीप पटेल, प्रशांत आकांत , विधायक प्रतिनिधी सतीश साहू मौजूद थे। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है। हम सब संगठन के अंतर्गत काम करते हैं। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगी। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर ने दिया। संचालन जी रामा रेड्डी व आभार परमजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में उप नेता प्रतिपक्ष चंद्र प्रकाश पांडे, वाय नारायण राव, सुशील यादव, राजीव चौबे, टी रमना, प्रकाश सिंह, डी नारायण रेड्डी, पुष्पा गेंडारे, पूर्णिमा ठाकुर, प्रमिला तांडी, रीना वर्मा, एम अरुणा, कल्पना बाला, पुष्प लता मांडपे, पार्षद निशा यादव, नंदिनी जांगड़े, रेचल मसीह, उषा चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

पौधे रोपकर धरती का कर रहे श्रृंगार

सेलूद। पाटन विधानसभा के अभिनव पहल के अंतर्गत खबरनामा ग्रुप के सम्मानित सदस्य सुरेन्द्र शर्मा के जन्म दिन पर बरगद के पौधे का रोपण धान खरीदी केन्द्र सेलूद में किया गया। पौधरोपण के बारे में शर्मा ने कहा कि आप सभी भी अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा जहाँ सुविधा बने ऐसे स्थान पर जरुर लगाएं और पेड़ बनने तक उनका देखभाल जरुर करें। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, अनुविभागिय पत्रकार संघ पाटन के अध्यक्ष किशन हिरवानी, ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, शिक्षक प्रहलाद सिन्हा, शंभुदयाल बंछोर, संतोष वर्मा, कृष्ण कुमार साहू, गोपेश साहू, बलराम वर्मा, मनोज देवांगन, झम्मन यदु, चंद्रिका बंजारे उपस्थित थे।

बिजनेस साइट

कमला मोटर्स में केएस कंबाइंड की डिलीवरी

भिलाई। केएस एग्रीकल्चर की क्रॉप मास्टर 9300 की डिमांड छत्तीसगढ़ के धरातल में उत्तरोत्तर बढ़ती हुई प्रतीत हो रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों की बनती जा रही है पसंद। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोपाल कृष्ण गोखले एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप शौर्य स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का स्मरण कर मां लक्ष्मी की पूजा आराधना कर गोंडलवाही राजनांदगांव के कृषक झालेंद्र कुमार भूआर्य ने अपने दोस्त कोमेश्वर बघेल के साथ आकर कमला मोटर्स से क्रॉप मास्टर सेल्फ प्रपोलड कंबाइंड हार्वेस्टर केएस 9300 की डिलीवरी ली। डिलवरी प्रदान करते हुए जेसीबीएल एग्रीकल्चर इंप्लीमेंट कंपनी के स्टेट हेड अशोक त्रिपाठी एवं कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर्स सत्य लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, सेल्समेन देवनारायण साहू, कनिस्ट अभियंता किशोर निषाद, आगंतुक, नंदिता, सावंत बरमेचा, एलेवटर के अभियंता जयदीप सावंत इत्यादि शामिल थे।

सर्जरी के बाद कन्फर्म हुआ ब्रेस्ट कैंसर

भिलाई। कभी-कभी कैंसर के सारे लक्षण मौजूद होने के बाद भी एफएनएसी और बायप्सी के रिपोर्ट नार्मल आ सकते हैं। पर जीवन रक्षा के लिए कठिन निर्णय लेने ही पड़ते हैं। एक ऐसी ही महिला की मैस्टकटॉमी हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में की गई जिसकी बायप्सी औऱ एफएनएसी रिपोर्ट नार्मल थी। सर्जरी के बाद कैंसर की पुष्टि हो ही गई। जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नविल कुमार शर्मा ने बताया कि मामला जब स्तन से जुड़ा हो तो निर्णय करना बेहद कठिन हो जाता है। छह माह पूर्व महिला ने स्तन में एक छोटी सी गांठ को महसूस किया। धीरे धीरे गांठ फैलता गया और जब वह अस्पताल पहुंची तो कैंसर ने 90 प्रतिशत स्तन कोशिकाओं को अपनी चपेट में ले लिया था। मरीज की अल्ट्रासोनोग्राफी टेस्ट में गांठ को नॉन मैलिग्नेंट (सामान्य) बताया गया था। एफएनएसी और बायप्सी रिपोर्ट में भी कैंसर नहीं मिला जबकि लक्षण बता रहे थे कि यह कैंसर है। देर करने पर मेटास्टासिस (शरीर के अन्य भागों में फैलना) हो सकता था और मरीज का जीवन संकट में आ जाता। डॉ नविल ने बताया कि पूरी बात मरीज और उसके परिजनों को समझाई गई। अंततः परिवार मैस्टेकटॉमी के लिए तैयार हो गया। सर्जरी के बाद जब निकाले गए स्तन की जांच की गई तो वह कैंसर ही था जो तेजी से आगे बढ़ रहा था। डॉ. नविल ने बताया कि एफएनएसी और बायप्सी दोनों ही एक छोटे से टुकड़े की जांच करते हैं। इसमें कैंसर ग्रस्त कोशिका न मिले। इसलिए इन रिपोर्ट्स के नार्मल आने पर निश्चिंत नहीं होना चाहिए। बेहतर तो यही है कि 2 सेमी से बड़ी कोई भी गांठ यदि स्तन में महसूस हो और उसका आकार बदलता या बढ़ता लगे तो सर्जरी करा लेनी चाहिए।

ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

भिलाई। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c)833(20c)750(18c)टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नई पाश मशीन से राशन कार्ड उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न वितरण के लिए नई पाश मशीन लगाई गई है। यह मशीन उपभोक्ताओं का फिंगर प्रिंट नहीं ले पा रही है। जिनका फिंगर प्रिंट ले रही है उसमें भी काफी समय लग रहा है। मशीन में थंब कैप्चर नहीं होने से दुकानदार व उपभोक्ता परेशान हैं। इसकी वजह से राशन वितरण भी प्रभावित हो रहा है। सेलूद गांव के लगभग 1400 राशन कार्डधारी इस नये पाश मशीन के कारण परेशान है। राज्य सरकार शीघ्र ही इस मशीन में सुधार करे जिससे राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके। राज्य सरकार द्वारा उचित मूल्य की दुकानों में राशन वितरण के लिए करीब माह भर पहले नई पाश मशीन लगाई गई है। यह पूर्व में लगाई गई मशीन की अपेक्षा साइज में छोटी है, लेकिन कैप्चर कैपेसिटी अधिक होना बताई जा रही है। वर्तमान में इस मशीन में थंब कैप्चर नहीं के बराबर हो रहा है। मशीन कई उपभोक्ताओं का फिंगर प्रिंट ने रही है। जिनका फिंगर प्रिंट ले रही है उसमें समय लगने से उपभोक्ताओं और राशन दुकान संचालकों को परेशानी हो रही है। जबकि दुकान संचालकों को फिंगर प्रिंट लेने के बाद ही खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश व कई उपभोक्ताओं का आधार अपडेट नहीं होने के कारण फिंगर प्रिंट लेने में दिक्कत हो रही होगी। मारकंडे का कहना है कि पाश मशीन में फिंगर प्रिंट लेने में होने वाली परेशानी को शीघ्र दूर किया जाय।

वर्षा 89.33 अंक अर्जित किए

पाटन। शासकीय स्कूल गुजरा की छात्रा वर्षा वर्मा ने 89.33 प्रतिशत लाकर स्कूल, ग्राम पंदर और माता बीणा वर्मा, पिता लोकेश्वर वर्मा का नाम रोशन की है।

विनायकपुर में 10 वीं में प्रथम भावना और 12 वीं में कोकिल रही

अंडा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हायर सेकेण्डरी परीक्षा और हाई स्कूल का रिजल्ट घोषित किया गया है। जिसमे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में हाई स्कूल का परिणाम 70 व हायर सेकेण्डरी का परिणाम 95% रहा हैं। 10 वीं मे प्रथम भावना निर्मलकर 86.33 द्वितीय किशन कुमार निषाद 76.83 व तृतीय दीपेश कुमार बारले 76 रहे। 12वीं कला में प्रथम कोकिल 73, द्वितीय उर्मिला 66 तृतीय पायल 65.6 विज्ञान संकाय से प्रथम तृप्ति दिल्लीवार 75.8, द्वितीय भास्कर 72.8 तृतीय पियुष देवांगन 64.2 प्राप्त किये। वहीं दसवीं मे 6 बच्चो ने 70 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत प्राप्त किये। प्रथम श्रेणी मे 19, द्वितीय श्रेणी में 22 व तृतीय श्रेणी मे 1 रहे। इसी प्रकार 12 वीं में प्रथम श्रेणी मे 13 व द्वितीय श्रेणी मे 6 बच्चे रहे। शाला के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत ने सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनको जीवन मे सही रास्ते पर आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद प्रदान किये साथ हि परीक्षा प्रभारी रोहित देशमुख व प्रेमलता योगी देवांगन ने भी बच्चों को बधाई दी।

10वीं बोर्ड में तरुण का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सेजस जामगांव आर छात्र तरुण सागर पिता देवेंद्र कुमार साहू गातापार ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 83.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व माता-पिता को गौरवान्वित किया। तरूण इसका श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दी है।

खबर संक्षेप

स्पंज आयरन की चोरी आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

भिलाई। कंपनी के कर्मियों द्वारा नुकसान पहुंचाने के मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 316(4), 3(5)बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि अमर हाईट्स गंजपारा दुर्ग निवासी सुविधि चीफ कमर्शियल अफसर प्रवीण दत्त शर्मा ने शिकायत किया है। जिसमें 9-10 मई को ट्रक सीजी 04 एमसी 6647 के चालक अमन सिंह व सुविधि इस्पात कंपनी के माल लोडिंग स्टाफ निखिल राजपूत, कर्मी मुकेश निषाद ने मिलकर ट्रक का माल स्पंज आयरन को अधिक लोड किया गया। पीड़ित के बिना जानकारी के 5.24 टन स्पंज आयरन 1 लाख 20 हजार 630 रूपये को अधिक भरकर कंपनी को नुकसान पहुचाया है। सुविधि इस्पात प्रायवेट लिमिटेड रसमड़ा प्लांट में ट्रक चालक अमन सिंह ने कंपनी के माल लोडिंग कर्मी निखिल राजपूत, मुकेश निषाद के साथ मिलकर प्लांट के स्पंज आयरन को गलत तरीके से ले जाकर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। जब चालक अमन सिंह से पूछताछ करने पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। निखिल राजपूत, मुकेश निषाद से पूछताछ की गई तो संतोषजनक जवाब नही दिया गया। आरोपियों ने कंपनी का कांटाशुदा स्पंज आयरन 49.56 टन के अतिरिक्त कंपनी की जानकारी के बगैर चोरी छिपे आर्थिक नुकसान पहुंचाया।

बिहार में ठगी कर वैशाली नगर थे छिपे, दो पकड़ में

भिलाई। बिहार के किसानों के साथ अनाज के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि आरोपीगण ग्राम गोड़ीपार थाना हरनौत जिला नालन्दा बिहार निवासी सत्येन्द्र कुमार व रितिक कुमार कल्याण बिगहा के किसानों के अनाज का 54 लाख तीन हजार 43 रुपए का गबन कर फरार हो गए थे। शिकायत पर थाना वैशाली नगर क्षेत्र में लुक छिप कर रह रहे थे। गिरफ्तारी के लिए वैशाली नगर पुलिस ने सहयोग कर दोनों आरोपियों को थाना कल्याण बिगहा बिहार पुलिस को सौंप दिया है। उप निरीक्षक सुषमा कुमारी ने थाना प्रभारी वैशाली नगर को लिखित में शिकायत किया था। थाना के उनि अमित कुमार अंदानी ने पुलिस टीम को गठित कर थाना कल्याण बिगहा बिहार की उप निरीक्षक सुषमा कुमारी के साथ आरोपियों की पतासाजी में जुटी रही। आरोपी रिस्तेदार के यहां रामनगर में होने की सूचना मिली थी। टीम ने दबिश देकर आरोपी सत्येन्द्र कुमार और रितिक कुमार को पकड़कर बिहार पुलिस के हवाला किया।

सेल अध्यक्ष ने वन डे चेयरमेन स्पर्धा की शुरू

भिलाई। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने सेल-कर्मचारियों के लिए वन डे चेयरमेन प्रतियोगिता' का शुभारंभ किया है। यह प्रतियोगिता सेल-कर्मचारियों को यह अवसर प्रदान करती है कि वे एक दिन के लिए अध्यक्ष की भूमिका में सोचें और ऐसा एक विचार प्रस्तुत करें, जो संगठन में परिवर्तन ला सके। प्रतियोगिता में भाग लेने के सेल के सभी कर्मचारी पात्र हैं, चाहे वे किसी भी संयंत्र, इकाई या विभाग से संबंधित हों।

वन डे चेयरमेन प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को नेतृत्व के दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित करना व सेल की विकास यात्रा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को अधिकतम 500 शब्दों में अपना विचार लिखकर इंट्रानेट पोर्टल या sailodc@sail.in ईमेल पते पर भेजना होगा। प्रविष्टियाँ9 मई से 23 मई 2025 तक आमंत्रित की जा रही हैं। प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष 10 प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा और उनमें से 3 सर्वश्रेष्ठ विचारों के प्रस्तुतकर्ताओं को सेल के शीर्ष प्रबंधन के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है।

बीएसपी के डिप्लोमा इंजीनियरों को करियर ग्रोथ की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के साथ डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की हुई बैठक

भिलाई इस्पात संयंत्र में डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन, भिलाई की बैठक ईडी राकेश कुमार के साथ हुई। बैठक में डिप्लोमा इंजीनियर्स की कैरियर ग्रोथ और ठेका श्रमिकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इनके जल्द निदान की मांग की गई। बैठक में मांग की गई कि -6 ग्रेड से ही अधिकारी वर्ग में पदोन्नति के अवसर सुनिश्चित करें, ताकि तकनीकी कौशल से समृद्ध कर्मियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

एसोसिएशन की ईडी के साथ बैठक

वहीं बैठक में गेट पास के नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल व त्वरित बनाना ठेका श्रमिकों के पुराने व बड़े गेट पास को बदलकर छोटे व नए स्वरूप में जारी करने और अच्छे रैस्ट रूम बनाने पर चर्चा हुई। ईडी वर्क्स राकेश कुमार ने प्लांट ऑनरशिप की भावना को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। बताया कि 4 एम (मेन,मशीन, मैथड, मेटिरियल) मेंसेन की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जब हर व्यक्ति अपने कार्यस्थल को अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी उत्पादन, गुणवत्ता और सुरक्षा में वास्तविक बदलाव आएगा।बैठक में अध्यक्ष राजेश शर्मा, मोहम्मद रफी आदि उपस्थित थे।

वहीं एमटेक, एमबीए, पोस्ट ग्रेजुएशन इन सेफ्टी जैसे उच्च योग्यता प्राप्त डिप्लोमा इंजीनियर्स को विशेष वरीयता – इससे ज्ञान आधारित नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा।लेटरल एंट्री एवं मैनेजमेंट ट्रेनी कार्यक्रमों में विभागीय उम्मीदवारों को प्रोत्साहन मिले। इससे प्रतिभाशाली आंतरिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग हो सकेगा।म्यूचुअल ट्रांसफर के मामलों में शीघ्र और संवेदनशील कार्यवाही हो जिससे कर्मचारी अपने कार्य और पारिवारिक जीवन में बेहतर संतुलन बना सकें।

सेल के विभिन्न इकाइयों के हायर पेंशन से वंचित पीएफ ट्रस्ट करेंगे केस

हायर पेंशन के लिए सेल कार्मिक ईपीएफओ का लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप सेल के विभिन्न इकाइयों में कार्यरत तथा सेवानिवृत कार्मिकों और अधिकारियों को ईपीएस-95 के तहत मिलने वाले हायर पेंशन की पात्रता हासिल करने के लिए ईपीएफओ के विभिन्न राज्यों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। निदान नहीं होने पर अब न्याय के लिए सेफी न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

उल्लेखनीय है कि सेफी ने नई दिल्ली स्थित ईपीएफओ मुख्यालय को पत्र लिखकर इसके समाधान की गुहार लगाई थी। सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर के पत्र व्यवहार को संज्ञान में लेते हुए ईपीएफओ मुख्यालय ने 8 मई को ईपीएफओ भवन में एक बैठक आयोजित की थी। इसमें ईपीएफओ मुख्यालय की ओर से एडिशनल कमिश्नर प्रोविडेंट फंड अपराजिता जग्गी व ओए अध्यक्ष श्री बंछोर, सेफी के वाइस चेयरमेन नरेंद्र सिंह तथा अजय पांडे एवं महासचिव श्री संजय आर्या उपस्थित थे। बैठक में सेल के विभिन्न इकाइयों में हायर पेंशन को लेकर उत्पन्न विसंगतियों को बताया। ईपीएफओ मुख्यालय द्वारा इंडिपेंडेंट पीएफ ट्रस्ट के नीति नियमों के भिन्नता का कारण बनाते हुए हायर पेंशन देने में अपनी असमर्थता जाहिर की। ईपीएस-95 हायर पेंशन हेतु सेफी 2017 से ही संघर्षरत रहा है। मई 2017 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक्सजेम्प्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के दायरे से बाहर रखा था। सेफी ने अपने अपेक्स संगठन, एनसीओए के बैनर तले सुप्रीम कोर्ट में ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी। 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक्सजेम्प्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के लिए पात्रता प्रदान की गयी। इससे पहले सेफी ने झारखंड हाईकोर्ट ने भी सेफी के पक्ष में फैसला लिया था। लेकिन ईपीएफओ की उदासीनता से अब तक कार्मिकों को हायर पेंशन के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है।

व्यक्तिगत रुप से खर्च वहन करना संभव नहीं

व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक कार्मिक का हायर पेंशन के लिए न्यायालय में जाना और उसके खर्चे को वहन करना संभव नहीं है। इसके तहत सेल के जिन इकाइयों के कार्मिकों को हायर पेंशन की पात्रता से वंचित रखा गया है। सेफी अध्यक्ष श्री बंछोर ने बताया कि अब संबंधित इकाइयों के पीएफ ट्रस्ट को ईपीएफओ के विरुद्ध न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया गया है। श्री बंछोर ने बताया कि ईपीएफओ की हठधर्मिता ने हमें हायर पेंशन के लिए न्यायालय की शरण में जाने के लिए मजबूर किया है।

कर्मियों के हित के लिए न्यायालय जाएंगे

" सेल के सभी इकाईयों के पीएफ ट्रस्ट ईपीएस-95 हायर पेंशन के मामले में अपने सदस्यों को न्याय दिलाने के लिए जल्द न्यायालय के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। ईपीएफओ की हठधर्मिता से कार्मिकों को परेशानी हो रही है। कर्मियों का हित सर्वोपरि है।

एनके बंछोर, सेफी अध्यक्ष

शहर सरकार कर रही मनमानी, भाजपा पार्षदों ने विकास कार्यों के लिए मांगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अगले साल होने वाले मेयर और वार्ड चुनाव को लेकर भाजपा की राजनीतिक बिसात सजने लगी है। रविवार को भिलाई निगम के भाजपा और भाजपा समर्थित पार्षद सांसद विजय बघेल से मिले। उन्होंने आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर करीब दो घंटे तक सांसद से चर्चा की।

■ भिलाई निगम के भाजपा समर्थिक पार्षद मिले सांसद विजय से

इस दौरान वर्तमान कांग्रेस शहर सरकार की शिकायत की। पार्षदों ने कहा कि शहर सरकार अनियमितता कर रही है। कार्यों में घोटाला किसी से छिपा नहीं है। वर्टिकल गार्डन अनियमितता की भेंट चढ़ गई। पिछले तीन सालों से भाजपा समर्थित वार्डों में विकास कार्यों के लिए एक ढेला नहीं मिला है। इस पर सांसद ने शासन स्तर पर वस्तु स्थिति से अवगत कराने की बात कही। वार्ड पार्षदों ने करीब 14.97 करोड़ रुपए की कार्ययोजना की सूची सांसद को सौंपी। पार्षदों ने बताया कि इस समय निगम क्षेत्र में 29 पार्षद भाजपा या समर्थन में हैं। पार्षदों ने बताया कि कांग्रेस शहर सरकार ने तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए फूंके, वर्तमान में अधिकांश तालाब सूख गए हैं। तालाबों के आसपास गंदगी पसरी हुई है। शासन की योजना अमृत मिशन का बुरा हाल है। अब भी वार्डों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। सफाई व्यवस्था लचर है। पेयजल संकट लगभग सभी वार्डों में बने हुए हैं। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, महेश वर्मा, जालंधर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

कांग्रेस शासन में हुआ जमकर भ्रष्टाचार

" कांग्रेस शासन में भिलाई शहर सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। हर काम में कमीशखोरी हावी रही है। हमने इसकी शिकायत सांसद से की है। इसके अलावा भाजपा या भाजपा समर्थित 29 वार्डों में विकास कार्यों के लिए करीब 14.97 करोड़ रुपए की मांग की है।

भोजराज सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम भिलाई

जल्द मिले ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्डः इंटक यूनियन

भिलाई। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक के नाम ज्ञापन सौंप कर ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड जल्द देने की मांग की है । अब तक अवार्ड नहीं मिलने से कर्मियों में निराशा है। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध एवं एवं ठेका प्रकोष्ठ) जे एन ठाकुर से मुलाकात कर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के नाम का ज्ञापन सौंपा जिसमें यूनियन ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक नान फाइनेंशियल अवॉर्ड स्कीम शुरू किया गया था इस स्कीम के तहत नियमित कर्मचारियों के साथ ट्रेनिज के लिए भी फंड अलाट किया गया। एचआरडीसी में कार्यरत 145 ट्रेनीज के लिए भी फंड अलाट किया गया लेकिन एक वर्ष बाद भी एचआरडीसी डिपार्टमेंट द्वारा ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड देने के लिए कोई भी प्रपोजल नहीं किया भेजा गया । ऐसा कर उन ट्रेनीज के साथ अन्याय किया गया। यूनियन ने कहा कि जल्द से जल्द ट्रेनीज के लिए एलॉटेड राशि के बदले गिफ्ट देने के लिए प्रपोजल तैयार कर इन्हें नान फाइनेंशियल अवार्ड के तहत गिफ्ट दिलाया जाए । इस अवसर पर महाप्रबंधक विकास चंद्र, सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित, इंटक यूनियन से महासचिव वंश बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, एस रवि और शिव शंकर सिंह उपस्थित थे ।

बीएसपी साइकिलिंग क्लब ने निकाली सायकल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित "संडे ऑन साइकिल" अभियान के तहत भिलाई में बीएसपी साइकिलिंग क्लब, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ और ओए-बीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में लगातार 9 वें सप्ताह इस साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

■ आयोजन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की

आयोजन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की। इसका शुभारंभ सुबह 7 बजे प्रगति भवन से किया गया है। आयोजन भिलाई साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष तथा सेफी,चेयरमेन नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष व ओए- बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में किया गया । इसमें दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, सदस्य प्रवीण यदु, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिल पोलो कोच विकास कुमार, मां सारदा पब्लिक स्कूल के सह-सचिव तुषार सिंह और राजेन्द्र जोशी तथा बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रगति भवन से प्रारंभ यह साइकिल यात्रा शहीद उद्यान होते हुए परिवार और रेल चौक से प्रगति भवन पहुंच कर समाप्त हुई।

भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, जिसके सबसे ज्यादा सांसद-विधायक : रिकेश

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी के कैंप मंडल की बैठक पावर हाउस स्थित एक निजी होटल में हुई। बैठक में संगठनात्मक एवं परिचयात्मक चर्चा हुई। पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्याम प्रसाद मुखर्जी के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन कहा कि यह संगठनात्मक एवं परिचयात्मक बैठक है। आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है, जिसके सबसे ज्यादा सांसद विधायक जनप्रतिनिधि हैं। विशाल कार्यकर्ता हैं। हमें आपस में तालमेल बनाकर काम करना चाहिए। एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। छोटे से छोटा कार्यकर्ता संगठन का कार्य करता है। हम सबको मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाना है। अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा भाजपा में अनुशासन और त्याग सबसे जरूरी है। बैठक में प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह, प्रभुनाथ मिश्रा, मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, अमित मिश्रा, के गणपति राव, रामउपकार तिवारी, जयंत शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

■ कैम्प मंडल की पावर हाउस में हुई बैठक, आपसी तालमेल का दिया संदेश

बीएसपी के पदोन्नत कर्मियों को अब तक नहीं मिला इंक्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने पदोन्नत बीएसपी कर्मचारियों के लंबित इंक्रीमेंट जल्द प्रदान किए जाने की मांग की मांग प्रबंधन से की है।प्लांट में कैंटीनों और शौचालयों में सुधार पर जोर दिया है। प्रबंधन से आश्वासन मिला है।

■ बीडब्ल्यूयू ने प्रबंधन के साथ की बैठक

इस्पात भवन सभागार में प्रबंधन के साथ यूनियन की हुई बैठक में कर्मियों और संयंत्र की लंबित समस्याओं पर चर्चा हुई। यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता और उप-महासचिव श्री विमल कांत पांडे ने कर्मचारियों की समस्याओं को जल्द निदान करने की मांग की। दत्ता ने कहा कि जिनका प्रमोशन तो हुआ है, लेकिन उन्हें वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) का लाभ नहीं मिला है। इस पर प्रबंधन ने अगले माह एरियर्स सहित इंक्रीमेंट प्रदान करने का आश्वासन दिया। ट्रेनी कर्मचारियों को नाइट शिफ्ट एलाउंस न मिलने की समस्या पर बताया कि अब ट्रेनी कर्मचारियों को 120 रुपए प्रतिरात्रि के हिसाब से नाइट शिफ्ट भत्ता प्रदान किया जाएगा।यूनियन द्वारा बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में आ रही तकनीकी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। यूनियन ने बताया कि बायोमेट्रिक की त्रुटिपूर्ण व्यवस्था के कारण कर्मचारियों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रेस्टरुम और टायलेट की हो सफाई

संयंत्र की कैंटीन, रेस्टरूम और टॉयलेट्स की खराब स्थिति को सुधारने की मांग की गई। उप-महासचिव विमल कांत पांडे ने 1 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित करने तथा कर्मचारियों के लिए 650 वर्गफुट क्षेत्रफल वाले आवास जल्द लाइसेंस में देने की मांग की। प्रबंधन ने आश्वासन दिया। बैठक में बीएसपी के अधिशासी निदेशक पवन कुमार व सीजीएम संदीप माथुर महाप्रबंधक जेएन ठाकुर और यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आईजी रामगोपाल व एसएसपी विजय थे मौजूद

सीसीटीवी फुटेज संग्रहण और ई साक्ष्य पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीसीटीवी फुटेज संग्रहण, विशलेषण, ई साक्ष्य को लेकर जानकारी दी गई। कार्यशाला महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि विवेचना में आने वाली त्रुटियों एवं विवेचना पूर्ण होने के पश्चात न्यायालय में प्रकरणों की मॉनिटरिंग पर प्रकाश डाला। सीसीटीवी फुटेज संग्रहण करने को लेकर विवेचना में एकत्र करने समेत ई-साक्ष्य की महत्ता को बताया गया। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की सटीक मॉनिटरिंग व उचित रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए। एसएसपी विजय अग्रवाल ने रेंज से पहुंचे अधिकारियों को कार्यशाला के विशेष बिंदुओं से अवगत करते हुए व कोर्ट आरक्षकों को उनके जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निभाने पहलुओं के बारे में जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज संग्रहण एवं विश्लेषण की तकनीकी जानकारी आशुतोष दुबे ने दी। सीसीटीवी कैमरों, हार्ड डिस्क से फुटेज सुरक्षित निकालने, वीडियो बैकअप की सरल विधियों, सावधानियों को लेकर विस्तार से बताया। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल, डीएसपी सीपी तिवारी, शिल्पा साहू, पनिक राम कुजूर,चित्रा वर्मा समेत 250 से पुलिस कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। संचालन रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा ने किया।

सैनिकों के सम्मान में गली-गली निकलेगी तिरंगा यात्राः सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी के अंजोरा और अण्डा मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि देश की सैन्य शक्ति, सामर्थ्य बढ़ने से पूरी दुनिया चकित है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में देश की सैन्य शक्ति इतनी बढ़ गई है कि दुश्मन देश हमला करने में सफल नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि पार्टी ने भारत माता और अपने वीर सैनिकों के सम्मान में गली- गली में हर जगह तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया है। यह तिरंगा यात्रा पूरे शान और सम्मान के साथ निकालेंगे। इस अवसर पर छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान हासिल करने वाली नगपुरा की छात्रा वैष्णवी देवांगन का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, रामशिला साहू, जागेश्वर साहू, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विमल चोपड़ा, कुलेश्वरी देवांगन, हेमंत सिंह, गिरीश साहू आदि मौजूद थे। इधर अंडा-निकुम में संगठनात्मक बैठक हुई, जिसमें विधायक ललित चन्द्राकार, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, प्रीतपाल बेलचंदन, दीपक चोपड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 12 मई 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02

शीतल पेयजल से की राहगीरों की सेवा
ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर जारी

लाइव इवेंट

सिन्हा कलार समाज ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान

दुर्ग। अग्रसेन भवन में छत्तीसगढ़ कलार समाज युवा मंच एवं राजनीतिक प्रकोष्ठ ने जनप्रतिनिधियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, रिसाली महापौर शशि सिन्हा शामिल हुए। भगवान शास्त्रबाहु अर्जुन देव की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथियों का समाज की ओर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सांसद बघेल ने सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ललित चंद्राकर ने कहा कि समाज के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई। उनकी जीत समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और हमें उम्मीद है कि समाज के विकास और उत्थान के लिए व समस्याओं को समझेंगे और उनके समाधान के लिए काम करेंगे।गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिन्हा समाज सभी क्षेत्र में जैसे शिक्षा राजनीतिक, शासकीय सेवा एवं अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर भोजराम सिन्हा, तेखन सिन्हा, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पार्षद नवीन ममता सिन्हा, भीमसेन सिन्हा, दीपक सिन्हा, रिखीराम सिन्हा, बिसभर सिन्हा, डागेश्वर सिन्हा, बसंत सिन्हा आदि उपस्थित थे।

- अग्रसेन भवन में सम्मान समारोह का आयोजन, सांसद विजय बघेल हुए शामिल

सिटी इवेंट

कूर्मि क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष संतोष और महासचिव बने पवन

भिलाई। कुर्मि भवन सेक्टर-7 में छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई नगर के नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। पूर्व पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल की सफल अवधी व सहयोग के लिए उपस्थित कार्यसमिति के सदस्यों व जन मानस को धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व अध्यक्ष ईश्वरी वर्मा ने अपने कार्यकाल के गतिविधियों को संक्षिप्त में प्रस्तुत करने के बाद अपने कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। अप्रैल 2025 से मार्च 2027 के लिए नई कार्यकारिणी के विधि सम्मत चुनाव संम्पन्न कराने चुनाव अधिकारी वेदराम देशमुख को आमंत्रित किया। इनके सहयोग करने के लिए पूर्व महासचिव संतोष पाटनवार मौजूद थे। समाज की चारों इकाई के 17 सदस्यों के नाम आमंत्रित किए गए। इन्हीं में से पांच पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसमें अध्यक्ष संतोष पाटनवार, उपाध्यक्ष आत्माराम नायक, महासचिव पवन चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह देशमुख एवं सचिव अजय वर्मा चुने गए। साथ ही राकेश धुरंधर, नारायण सिंह बर्छिहा, छम्मन लाल वर्मा, मनहरण चन्द्राकर, रघुवीर चन्द्राकर, सतानंद चन्द्राकर, पुष्पकराज देशमुख, नवनीत हरदेल, जयप्रकाश देशमुख, दीनानाथ सिंगसार्वा, देवदत्त कौशिक, डॉ. गिरधर चन्द्रा कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम में कोमल धुरंधर, हेमंत चंद्रा, रामधनुष चन्द्राकर, अजय चंद्राकर, प्रेमलाल पिपरिया, राजेश वर्मा, जनकराम वर्मा, चुरामन दिल्लीवार आदि मौजूद थे। यह जानकारी समाज के उपाध्यक्ष आत्माराम नायक ने दी।

सिटी इवेंट

दुर्ग-भिलाई के चौक-चौराहों को बनाया गया लेफ्ट टर्न फ्री

भिलाई। ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सडक के चार प्रमुख बिंदुओ पर कार्य किया जा रहा है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सडको एवं चौक चौराहो की अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडको से अतक्रिमण, अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सडक दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाह चालको पर सख्त कार्रवाई किया जा रहा है। अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर दुर्ग भिलाई के पटेल चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, सूर्या मॉल चौक, सुपेला चौक, नेहरू नगर चौक में स्टॉपर, मोजो की सहायता से चौक में बांये ओर जाने वाले वाहन चालको के लिए अस्थाई रूप से लेफ्ट टर्न फ्री बनाया गया। चौक में बायें ओर जाने वाले वाहन आसानी से वाहन मोडकर अपने रास्ते जा सके और चौक चौराहे पर अनावश्यक खडा न होना पडेगा। जिससे चौक पर जाम की स्थिति में भी कमी आएगी। एक सुगम ट्रैफिक व्यवस्था का निर्माण होगा। वर्तमान में यह लेफ्ट टर्न अस्थाई रूप से स्टॉपर से बनाया गया है जिसे आगामी दिनों नगर निगम द्वारा स्थाई रूप से बनाया जाएगा।

● सर्व ब्राह्मण समाज का परशुराम की जयंती पर आयोजन, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी हुए शामिल

भगवान परशुराम तप, त्याग और शौर्य के प्रतीक, सम्मान में निकाली शोभायात्रा, विष्णु अवतारों की झांकी रही आकर्षण

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर बुनकर संघ संतराबाड़ी, पोलसायपारा, इंदिरा मार्केट, मोती कॉम्प्लेक्स, गांधी चौक, राम मंदिर, शनिचरी बाजार, दुर्गा मंदिर गंजपारा होते हुए नाका चौक पहुंची, जहां शोभायात्रा समाप्त हुई। नदी रोड स्थित भवन में सामाजिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

दुर्ग। शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत भारतमाता और भारत के नक्शे के साथ की गई। इसके बाद रामधुनी, राउत नाचा, राष्ट्रीय बैंड पार्टी का बैंड-बाजा रहा। काली माता के 9 स्वरूप शोभायात्रा में खासा आकर्षण रहा। माता काली की भयावता ने लोगों को चकित किया। इसके अलावा भगवान विष्णु के सारे अवतार की झांकी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर राम, लक्ष्मण और हनुमान के संवाद को भी चलचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। महाबलि हनुमान और भगवान परशुराम की झांकी भी शोभायात्रा में लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने तलवार की कलाबाजियां दिखाई। साथ ही यह दिखाने का प्रयास किया कि महिलाएं शक्ति की प्रतीक है। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर अल्का बाघमार, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, सभापति श्याम शर्मा, ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, महासचिव शशिकांत तिवारी, उपाध्यक्ष सुमित शर्मा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। शोभायात्रा के बाद सामाजिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग जिले के आए अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। समाज के प्रतिभावान भी कार्यक्रम में सम्मानित किए गए।

भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना

भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा में पूर्व विधायक अरुण वोरा भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की। दुर्ग शहरवासियों की सुख-समृद्धि और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। भगवान परशुराम की शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा, बैंड-बाजे, झांकियां और धर्म ध्वज के साथ श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा शहर भक्ति और संस्कृति की भावनाओं से सराबोर रहा। वोरा ने कहा भगवान परशुराम तप, त्याग और शौर्य के प्रतीक हैं। उनकी शिक्षाएँ आज भी समाज को सशक्त और एकजुट करने का संदेश देती है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और संस्कृति की जड़ें और मजबूत होती है।

परशुराम जयंती शोभायात्रा का पूर्व महापौर ने किया स्वागत

भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। रैली का मोती काम्प्लेक्स के सामने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर अमन सूख शांति की प्रार्थना की गई। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद, पूर्व सभापति राजेश यादव, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह, युवा कांग्रेस के नेता आयुष शर्मा, चिराग शर्मा आदि मौजूद थे।

दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 17 व 18 को जुटेंगे देशभर के सीए और टैक्स विशेषज्ञ

भिलाई। सीए शाखा भिलाई द्वारा दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस उन्नयन का आयोजन 17 व 18 मई को भिलाई में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविक सेंटर स्थित सीए भवन में आयोजित होगा। भिलाई, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ शाखाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में देशभर के सीए जुटेंगे और विशेषज्ञ वक्ताओं से जीएसटी, इनकम टैक्स एवं आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त करेंगे। कॉन्फ्रेंस में सीए सदस्यों और छात्रों को महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। चेयरमेन राजेश बाफना और वाइस चेयरमेन एसडी राठी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के पहले दिन 17 मई को जीएसटी और वित्तीय रिपोर्टिंग से जुड़े

विषयों पर महत्वपूर्ण सत्र होंगे। इसमें अमृतसर से सीए आंचल कपूर जीएसटी से जुड़े नोटिस और अपील की प्रक्रिया को विस्तार से समझाएंगी। सीए पेशेवरों को इस क्षेत्र में बेहतर जानकारी प्राप्त होगी। भोपाल के सीए अभय छाजेड़ कॉर्पोरेट कंपनियों के वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने की विधि पर चर्चा करेंगे, जिससे कंपनियों की रिपोर्टिंग प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही दिल्ली के सीए प्रमोद जैन गैर-कार्पोरेट संस्थानों के वित्तीय विवरण को सही ढंग से प्रस्तुत करने के तरीके बताएंगे, जो छोटे व्यवसायों और संगठनों के लिए उपयोगी साबित होगा।

18 को आधुनिक तकनीक पर महत्वपूर्ण सत्र: 18 मई को कर प्रणाली और आधुनिक तकनीक पर महत्वपूर्ण सत्र होंगे। जिसमें देश के प्रसिद्धि सीए गिरीश आहूजा प्रत्यक्ष कर में हुए बदलाव और नए टैक्स संहिता पर प्रकाश डालेंगे, जिससे सभी सदस्यों को नए नियमों और बदलावों की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा, हैदराबाद से सीए दयानिवास शर्मा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सीए अपने कार्य में कैसे कर सकते हैं, जिससे कार्यकुशलता में वृद्धि होगी पर उद्बोधन देंगे। नागपुर के सीए शुभम शर्मा वित्तीय और लेखा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर चर्चा करेंगे।

बुद्ध पूर्णिमा पर जामा मस्जिद के सामने बंटेगी खीर, सुबह सुपेला अस्पताल में फल वितरण

भिलाई। सम्यक मैत्री परिवार भिलाई द्वारा पिछले 22 वर्षों से बुद्ध पूर्णिमा पर खीर और शरबत वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष भी 12 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन बुद्ध वंदना के साथ भगवान बुद्ध के उपदेशों का भी इस कार्यक्रम का वाचन एवं उद्बोधन होगा। आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर 6 सड़क नंबर 1 भिलाई के सामने वृहत रूप से किया जाएगा। यह आयोजन 12 मई दिन सोमवार सुबह 11 बजे आयोजित है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ला, प्रवीण शर्मा और अनिल साखरे उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सम्यक मैत्री परिवार के कोऑर्डिनेटर संजय मेश्राम ने दी। इसी प्रकार तथागत समाज कल्याण समिति भिलाई द्वारा विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्य करते आ रही है। इसी तारतम्य में बुद्ध पूर्णिमा के दिन 12 मई की सुबह 9 बजे लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला में मरीजों को फल वितरित किया जाएगा। इस फल दान कार्यक्रम में तथागत समाज कल्याण समिति सहित तथा गत महिला समिति एवं तथागत म्यूजिकल ग्रुप के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहेंगे। फलदान कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री के अस्पताल के अस्पताल प्रभारी पियाम सिंह उपस्थित रहेंगे।

डिजिटल क्रांति, सोशल मार्केटिंग, ई-कामर्स के बढ़ते प्रयोग के कारण बन रहे ऐसे हालात

कॉमर्स के स्टूडेंट्स की सुधरी रैंकिंग, पिछले पांच सालों में 56 से ज्यादा टॉपर्स, इस बार भी बेहतर रहा परिणाम

कार्नर न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ माध्यम शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परिणा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस बार 10वीं में 85 स्टूडेंट्स मेरिट सूची में हैं। वहीं 12वीं में 19 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई है। बता दें कि पिछले करीब पांच सालों में मेरिट सूची में साइंस स्टूडेंट्स के बजाए कामर्स के विद्यार्थियों ने ज्यादा जगह बनाई है। पहले 12वीं पढ़ने और टॉप करने वाले हर विद्यार्थी का सपना डॉक्टर, इंजिनियर, साइंटिस्ट बनने का होता था, लेकिन पिछले 5 सालों में इसमें बदलाव देखा जा रहा है। 12वीं की मेरिट लिस्ट में साइंस के स्टूडेंट्स का दबदबा अब कम होता नजर आ रहा है। अब साइंस के स्टूडेंट्स को कॉमर्स के छात्र पछाड़ रहे हैं। पिछले 5 सालों के 12वीं परिक्षा परिणामों का अवलोकन करने के बाद यह बातें सामने आई है।छत्तीसगढ़ बोर्ड के पिछले पांच सालों में करीब123 टॉपर्स रहे हैं। इनमें 56 कॉमर्स, 35 मैथ्स, 20 बायो, 9 आर्टस और 3 एग्रीकल्चर के स्टूडेंट्स शामिल रहे। खास बात यह है कि 2025 की मेरिट लिस्ट में 78 प्रतिशत कॉमर्स के छात्रों ने जगह बनाई है। वहीं मैथ और बायो के केवल 11-11 प्रतिशत बच्चे लिस्ट का हिस्सा बन पाए हैं। 2020 से 2025 तक के आंकड़ों में यह सामने आया है कि हर साल मैथ के स्टूडेंट्स लिस्ट से घट रहे हैं। वहीं कॉमर्स के छात्र अपनी जगह बना रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 12वीं में इस साल 78% टॉपर्स कॉमर्स के, पिछली बार 50% थे ।

10वीं में पिछले साल के मुकाबले 26 फीसदी टॉपर्स ज्यादा

कक्षा दसवीं में पिछले साल 59 छात्रों ने मेरिट सूची में जगह बनाई थी। इनमें से पहले दूसरे और तीसरे स्थान में एक-एक ही छात्र रहे थे। जबकि इस बार कक्षा दसवीं में 26 फीसदी ज्यादा यानि कुल 85 छात्रों ने मेरिट में जगह बनाई है। इस बार पहले स्थान में 2 स्टूडेंट, दूसरे में एक और तीसरे में 3 स्टूडेंट्स ने शामिल हैं। वहीं साल 2023 में 48 बच्चों ने टॉप 10 में जगह बनाई थी। इनमें से पहले और दूसरे स्थान में 1-1 छात्र जबकि 2 छात्रों ने तीसरा स्थान हासिल किया था।

युवाओं में कॉमर्स में रुझान बढ़ने की मुख्य वजह भी जानिए

टैक्स विशेषज्ञ, सीए और अर्थशास्त्रियों की मानें तो पिछले कुछ सालों में कामर्स को लेकर युवाओं की सोच बदली है। इसे लेकर डिजिटल क्रांति, ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा और वित्तीय लाभ की संभावना के कारण युवा इस ओर करियर चुनने आगे आए हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यापक पहुंच ने युवाओं को ऑनलाइन शॉपिंग और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग करना आसान बना दिया है। बदलती जीवनशैली और समय की कमी के कारण, युवा अब ऑनलाइन शॉपिंग को सुविधाजनक मानते हैं, क्योंकि वे घर बैठे विभिन्न उत्पादों की तुलना कर सकते हैं और खरीदारी कर सकते हैं। शेयर बाजार और अन्य वित्तीय बाजारों में निवेश करके युवा अपने भविष्य के लिए निवेश कर सकते हैं और संभावित वित्तीय लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता और ब्रांडों के साथ प्रभावशाली लोगों का सहयोग युवाओं को आकर्षित करता है। संक्षेप में युवाओं के लिए डिजिटल क्रांति, ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा, वित्तीय लाभ की संभावना, ई-कॉमर्स का विकास और सोशल कॉमर्स जैसे कारक कॉमर्स में रुझान बढ़ने का कारण बन रहे हैं।

सिटी इवेंट

सांसद ने किया सरस्वती के काव्य संग्रह लम्हों का आइना का विमोचन

भिलाई। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से जुड़ी भिलाई तालपुरी निवासी सरस्वती धानेश्वर द्वारा लिखित एकल काव्य संग्रह लम्हों का आईना का विमोचन सांसद विजय बघेल द्वारा किया गया। सरस्वती का पहला काव्य संग्रह लम्हों का आईना श्री नर्मदा प्रकाशन लखनऊ के सौजन्य से से प्रकाशित हुआ है। जो विभिन्न कविताओं का एक ऐसा संग्रह है, जिसमें जीवन के अलग-अलग भावों और विषयों को समेटा गया है, ये कविताएं समाज को सकारात्मक संदेश देती हैं, उम्मीद की किरण दिखाती हैं और व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र के लिए एक सार्थक दिशा का संकेत करतीं हैं। सरस्वती धानेश्वर पिछले एक दशक से अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ जुड़कर शांति एवं मानवता के लिए सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं, साथ ही वे लेखिका और कवियत्री भी हैं, सम सामयिक विषयों पर उनके लेख और कविताएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। उनके इस पहले काव्य संग्रह लम्हों का आईना पुस्तक विमोचन के अवसर पर रजनी बघेल, आदर्श एकता मंच के अध्यक्ष संतोष किचलू, सुनील सन्नी पसीने, जयश्री पवार, शेखर सिंह पवार, कल्पना सिंह, रविन्द्र कुमार धानेश्वर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

शीतल पेयजल से की राहगीरों की सेवा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर जारी

भिलाई। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तहत स्काउट-गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से एक माह तक शीतल जल से राहगीरों की सेवा की गई। 'प्रतिदिन एक अच्छा कार्य करना है' इस ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए बीएसपी-शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने सभी राहगीरों को शीतल जल पिला कर उनकी थकान दूर की। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में जारी प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से अनेक तरीकों से प्रेरित किया जा रहा है। उसी तारतम्य मे शिखा दुबे जिला मुख्य आयुक्त स्काउट-गाइड ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आज जो सद्गुण हम जीवन में सीख रहे है उसे भविष्य में अपने कर्मक्षेत्र में कुशलतापूर्वक उतारकर कर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए स्काउट गाइड को जीवन निर्माण की पाठशाला निरूपित किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट विजय सिंह पवार, सरिता शाक्य-जिला सचिव, शिक्षा विभाग से विभा रानी कटिहार, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आर. के. गुप्ता आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। वहीं स्काउट गाइड सत्यनारायण साहू, डी. ओ. सी. स्काउट कीर्तिलता देशमुख डी.ओ.सी. गाइड मीनाक्षी अय्यर, वंदना सोनवाने, एस. के साहू, पवन अग्रवाल वरिष्ठ व्याख्याता, डीके. साहू, वरिष्ठ व्याख्याता,भिलाई विद्यालय से रजनी रजक सहित अन्य लोग,विद्यार्थी व पालकगण शामिल हुए।

● आनंद सरोवर बघेरा में 'मदर्स डे' का आयोजन, दुनिया में सबसे सुकून का स्थान मां का आंचल

मां हमारे जीवन की सबसे पहली गुरु, भगवान से भी ऊपर उनका स्थान राजयोग मेडिटेशन कर मां के त्याग, प्रेम और समर्पण का किया अनुभव

मां हमारे जीवन की सबसे पहली गुरु होती हैं। उनका स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। वह हमें सिर्फ जन्म ही नहीं देतीं, बल्कि वह हमें संस्कार, प्रेम और आत्मविश्वास से भी भरती हैं। ऐसे में मां के इसी त्याग, प्रेम और समर्पण को सम्मान देने के लिए मई महीने के दूसरे रविवार को सभी जगह मदर्स डे सेलिब्रेट किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बघेरा में राजयोग मेडिटेशन कर बच्चों के जीवन में माता का महत्व बताया तो वही कई लोगो ने इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए घर और बाहर में परिवार के साथ पार्टी की। इस अवसर पर सेक्टर 6 ए मार्केट राजन बेकरी सहित अन्य बेकरी दुकानों में भी एक से बढ़कर एक डिजाइन और फ्लेवर के केक की खूब डिमांड रही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के सभागार में मदर्स डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजयोग ध्यान से हुई और माताओं को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर धारिणी, जागृति और प्राची ने मां के समान पालन करने वाली रीटा बहन का हस्तलिखित ग्रीटिंग कार्ड देकर एवं मातृत्व स्नेह का गीत गाकर उनका सम्मान किया।

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा द्वारा मातृत्व की महानता को समर्पित मदर्स डे का भव्य आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र वातावरण में राजयोग ध्यान से हुई, जिसके पश्चात माताओं को समर्पित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। मदर्स डे के विषय में बोलते हुए ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने कहा कि त्वमेव माता च पिता त्वमेव....अर्थात ईश्वर ही माता-पिता और भाई है, आप ही मित्र हो, विद्या भी आप ही हो, धन भी आप ही हो। हे प्रभु आप ही मेरे सब कुछ हो। आध्यात्मिक रूप से परमात्मा ही हम सभी की पारलौकिक माता है। मातृत्व की भूमिका, संस्कार निर्माण में मां के योगदान एवं आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा में मां की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां केवल जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि वह प्रथम गुरु, मार्गदर्शक और ईश्वर के साक्षात स्वरूप की अनुभूति कराती है।

मदर्स डे सेलिब्रेशन

सोशल मीडिया में छाया रहा मदर्स डे पोस्ट

मदर्स के अवसर पर रविवार को सुबह से रात तक सोशल मीडिया में पर बच्चों सहित बड़ों ने भी अपनी मां के प्रति प्रेम और आभार व्यक्त करने के लिए वीडियों, पोस्ट और भावनात्मक संदेश अपनी मां की फोटो के साथ साझा करते रहे।

बेकरी में रही केक की डिमांड

इस दिन ट्विनसिटी के सभी बेकरी दुकानों में अनेक फ्लेवर और डिजाइन के केक की डिमांड रही। सेक्टर 6 ए मार्केट के राजन बेकरी के संचालक ने बताया कि पिछले कुछ सालों से मदर्स डे, फादर्स डे सेलिब्रेशन का क्रेज बढ़ा है। लोग पहले से ही अपनी मम्मी के पसंद का केक आर्डर कर दिये थे।

सृष्टि में सर्वश्रेष्ठ रचना मां

ब्रह्माकुमारी रीटा ने कई उदाहरणों सहित समझाया कि जन्म देने वाली माता भौतिक देह में होने के कारण एक समय के पश्चात हमारा साथ छोड़ देती है, भौतिक देह से मुक्त हो जाती है किंतु जब हम यथार्थ रूप में परमात्मा को माता के रूप में महसूस करते हैं तो उनका स्नेह चिरकाल मिलता रहता है। वैसे तो इस सृष्टि में सर्वश्रेष्ठ रचना मां ही है जब एक कन्या गर्भ धारण कर मां बनती है तो उसमें बच्चे के स्नेह वश ऐसी शक्तियां आ जाती है जो बच्चों के लालन-पालन के लिए अनेक रातों की नींद और भूख का त्याग कर उसका पालना करती है । इसी तरह सृष्टि में धरती माता का भी अत्यंत महत्व है जो हमें जीवन के विकास के लिए हमारी ऐसी पालना करती है जो अपने सीने में अनेक कष्ट सहन करने के बाद भी हमें अन्न जल प्रदान करती है। हम अपने देश भारत को भारत माता कहते हैं वर्तमान परिस्थिति में हमें अपने देश के प्रति त्याग, समर्पण और सेवाभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सख्त आवश्यकता है। तो हमें इस मदर्स डे पर परमात्मा माता,जन्म देने वाली माता, धरती माता व भारत माता के प्रति प्रतिपल कृतज्ञता अर्पित हो यही इस मदर्स डे में उनके प्रति हमारी सच्ची सम्मान व अभिनंदन है । इस अवसर पर सभा में उपस्थित सभी भाई-बहनों ने राजयोग मेडिटेशन के द्वारा धरती मां, जन्म देने वाली मां और सर्व मनुष्य आत्माओं के सुख-शांति व प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा शांति संकल्प के साथ किया गया, जिसमें विश्व शांति और माताओं के सशक्तिकरण की प्रार्थना की गई।

नरसिंह जयंती महोत्सव...

राधा-कृष्ण का दिव्य चंदन अलंकार कर ड्राई फ्रूट से किया श्रृंगार, गूंजा हरे कृष्ण मंत्र

भिलाई। हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा रविवार को श्री नरसिंह जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन सेक्टर 6 अक्षय पात्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुबह श्री कृष्ण और राधा रानी का फलों पंच द्रव्यों से अभिषेक किया गया। उसके बाद विग्रहों का दिव्य चंदन अलंकार कर श्रृंगार कर सजाया गया। जिसमें काजू, बादाम, किशमिश, लांग, इलायची सहित अन्य ड्राई फ्रूट से मुकुट व माला बनाकर अलंकृत किया गया और सेब, संतरा, आम, अनानस आदि फलों से मंडप और पालकी को सजाया गया था। शाम को परिसर में दिव्य पालकी यात्रा से प्रभु को भ्रमण कराया गया। इस दौरान सुबह से रात तक हरे कृष्ण मंत्र के उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान रहा। मान्यता अनुसार भगवान नरसिंह देव अपने भक्त प्रह्लाद महाराज की रक्षा के लिए वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को प्रकट हुए। उन्होंने दैत्यराज हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद महाराज की रक्षा की। सर्वोच्च भगवान के पृथ्वी पर इस दिव्य अवतरण को भक्तगण संपूर्ण विश्व में अत्यंत धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण का दिव्य चंदन अलंकार कर श्रृंगार किया गया। संपूर्ण मंदिर को पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। सुबह 6 बजे श्री नरसिंह यज्ञ का आयोजन किया गया और शाम 7 बजे से भव्य उत्सव का आरंभ हुआ। जिसमें हरे कृष्ण मंत्र के उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात भगवान नरसिंह देव का पंचगव्य एवं विभिन्न फलों के रस से दिव्य अभिषेकम किया गया। भगवान की महा आरती के पश्चात दिव्य पालकी उत्सव का आयोजन हुआ। अंत में सभी भक्तगणों को भगवान का महा प्रसाद वितरित किया गया।

भारती विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

प्रौद्योगिकी के युग में स्वास्थ्य और चिकित्सीय देखभाल के विधिक पहलुओं पर हुआ वेबीनार

भिलाई। भारती विश्वविद्यालय द्वारा वेबिनर श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संकायों के विषय विशेषज्ञों द्वारा अपना व्याख्यान दिया गया। वेबिनार श्रृंखला में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा अनुसंधान करने के लिए व्यवस्थित दृष्टिकोण विषय पर डॉ सुरभि जैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि अनुसंधान दृष्टिकोण वर्णन के माध्यम से किसी समस्या की विशेषताओं की पहचान करने का प्रयास करता है। साथ ही साथ अनुसंधान की प्रक्रिया को विस्तृत रूप में समझाया।



कार्यक्रम का संचालन डीन डॉ नम्रता गाईन एवं विभागाध्यक्ष डॉ काजोल दत्ता द्वारा किया गया। इसी कड़ी में विधि संकाय द्वारा प्रौद्योगिकी के युग में स्वास्थ्य और चिकित्सीय देखभाल के विधिक पहलुओं पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर से विधि विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य, कानून और प्रौद्योगिकी के संबंधों पर विचार किया। प्रमुख सत्रों में टेलीमेडिसिन, आयुर्वेदिक चिकित्सा कानून, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विधि एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी विधिक चुनौतियों पर वक्ताओं ने गहन चर्चा की। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यशाला का समन्वयन आस्था चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। इसी श्रृंखला के अंतर्गत वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा पादप वियान में क्रांति लाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, नवाचार, चुनौतियां और भविष्य की दिशाएं विषय पर एक दिवसीय वेबीनर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता शासकीय जे एस टी पीजी महाविद्यालय मध्यप्रदेश सहायक प्राध्यापक डॉ प्रतिमा बिसेन ने ए आई की सहायता से फसल उत्पादन, रोग पहचान, मिट्टी विश्लेषण, जलवायु पूर्वानुमान और कृषि नवाचारों पर प्रकाश डाला। वेबीनर में भारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बी एन तिवारी एवं उपकुलपति डॉ आर एन सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यशाला में सहायक प्राध्यापक युक्ति नोन्हारे, विभागाध्यक्ष डॉ आकांशा जैन, सहायक प्राध्यापक रोशन कुमार सहित सभी संकायों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक बड़ी संख्या में शामिल थे।

लाइव इवेंट

कीर्तिशेष धरोहर सम्मान का आवेदन का अंतिम तिथि 15 मई तक

भिलाई। सामाजिक सरोकार से अपनी पहचान बनाने वाले स्त्री, पुरुष, युवाशक्ति से कीर्तिशेष धरोहर सम्मान स्व. राम मोहनन की स्मृति में दिया जाएगा। जिसके लिए 15 मई तक आवेदन जमा किया जाएगा। आयोजक शानू मोहनन ने जानकारी देते हुए बताया कि कीर्तिशेष धरोहर सम्मान में व्यक्तिगत अथवा कोई भी संस्था भाग ले सकते है। जिसमें आवेदकों को स्मृति चिन्ह और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक सरोकार से अपनी पहचान बनाने वाले स्त्री, पुरुष, युवाशक्ति से कीर्तिशेष धरोहर सम्मान के लिए महिला उत्थान के क्षेत्र में निर्भिक, विधवा, परित्यकृता, असहाय, आदिवासी, वनवासी महिलाओं को रोजगार के माध्यम से आपके द्वारा स्थापित करने वाले, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के क्षेत्र में बेटियों की सुरक्षा व उनकी शिक्षा की दृष्टि से किया गया उल्लेखनीय कार्य। सांस्कृतिक धरोहर के क्षेत्र में कला परम्परा के संरक्षण के लिए प्रयास कर क्लासिकल नृत्य शैली, ग्रामीण लोकगीत शैली आदि को प्रोत्साहित किया हो। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बढ़ते तापमान, प्रदूषण, प्लास्टिक रोको अभियान में अनुकरणीय प्रयास करने वाले और शिक्षा के क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के माध्यम से किये गये अमूल्य योगदान को व्यक्तिगत या संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार पांच हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार दो हजार रूपये सहित अतिरिक्त सभी आवेदकों को स्मृतिचिंन्ह प्रदान किए जायेंगे। आवेदन हार्ड कॉपी और अपना बायोडाटा के साथ वरिष्ठ समाज सेविका शानू मोहनन को जमा किया जा सकता है।

जुनवानी में दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन

वास्तविक महापुरुष की शरणागति से मिलते हैं भगवान चमत्कार को प्रणाम करना ठीक नहीं, उसे दूर से करें नमस्कार

कार्नर न्यूज

भिलाई। जगदगुरुत्तम स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी दवरा लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, जुनवानी खम्हारिया रोड स्मृति नगर में दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है। आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का श्रवण करने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के आठवें दिन, कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी ने प्रवचन के दौरान बताया कि वेदों में बताया गया है कि भगवान की प्राप्ति वास्तविक गुरु की शरणागति से ही हो सकती है। महापुरुष सिद्धियों का चमत्कार नहीं दिखाया करता। चमत्कार को नमस्कार करना ठीक नहीं, अपितु चमत्कारियों को दूर से नमस्कार करना ही ठीक है, अन्यथा अपना लक्ष्य खो बैठेगे।

गुरु और भगवान एक ही तत्व

वेदों में कहा गया है कि तब्दिध्दि प्रणिपातेन, परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिनः।। अर्थात ईश्वरीय विषय के तत्वज्ञान के लिए श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है। रामायण कहती है कि गुरू बिनु भव निधि तरइ न कोई' गुरु शास्त्र वेद का पूर्ण ज्ञाता भी हो और जिसने ईश्वर साक्षात्कार भी किया हो। वेदों-शास्त्रों में तो यहां तक कहा गया है कि गुरु और भगवान अलग न होकर एक ही तत्व है। भागवत में कहा गया है- "आचार्यं मां विजानयान"। भगवान अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन! तू मुझे ही गुरु मान। अतः हरि और गुरु की शरणागति उनके प्रति पूर्ण समर्पण से ही हमारा काम बनेगा।किसी महापुरुष को पहचानने में एक बात का प्रमुख दृष्टिकोण रखना चाहिए कि किसी से सुनकर किसी को महापुरुष न मान ले, उसके बजाय स्वयं देखभाल कर लें।

महापुरुष को पहचानने में कई बातों का रखे ध्यान

देवी ने कथा के दौरान कहा कि महापुरुष का चुनाव करने या पहचानने के लिए कई बातों का ध्यान रखना जरुरी है। किसी महापुरुष को पहचानने में उसके बहिरंग वेशभूषा को नही देखना चाहिये। कोट-पतलून में भी महापुरुष हो सकते हैं एवं रंगीन वस्त्रों में भी कालनेमि मिल सकते हैं। हमारे इतिहास से भी स्पष्ट है कि 90 प्रतिशत महापुरुष गृहस्थों में हुए हैं जिनके कपड़े रंगे नहीं थे। एक बात का और दृष्टिकोण रखना चाहिये कि महापुरुष संसारी वस्तु नहीं दिया करता, यह गम्भीरतया विचारणीय है। महापुरुष क्या, भगवान भी कर्म विधान के विपरीत किसी को संसार नहीं देते। उनके भी नियम हैं।

चमत्कारियों को दूर से नमस्कार करना ठीक

महापुरुष सिद्धियों का चमत्कार नहीं दिखाया करता। चमत्कार को नमस्कार करना ठीक नहीं, अपितु चमत्कारियों को दूर से नमस्कार करना ठीक है, अन्यथा अपना लक्ष्य खो बैठोगे। महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद नहीं देता एवं शाप भी नहीं देता। हाँ, इतना अवश्य है कि मंगलकामना सम्पूर्ण विश्व के लिये रहती है क्योंकि वह पूर्ण-काम हो चुका है। महापुरुषों को पहचानने का प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि महापुरुष के दर्शन, सत्संगादि से ईश्वर में स्वाभाविक रूप से मन लगने लगता है। किन्तु वह मन लगना सबका अलग-अलग दर्जे का होता है। इसी प्रकार साधक का मन जितना निर्मल होगा, उतनी ही मात्रा में खिंच जायगा। दूसरा प्रत्यक्ष लाभ यह होता है कि साधक की जो साधना-पथ की क्रियात्मक गुत्थियाँ अर्थात संशयों को समाप्त करके सही साधना पथ पर चलाने का कार्य श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष ही कर सकता है।

सिटी स्पोर्ट्स

कलारिपयात्तु में छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक दिलाया अर्जुन और अनन्त ने

रायपुर। खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में कलारिपयात्तु खेल में छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक कोरबा के अर्जुन और अनन्त ने दिलाया है। 7वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार के अलग अलग स्थानों पर किया जा रहा है जिसके अंतर्गत ₹कलारिपयात्तु₹ मार्शल आर्ट खेल का आयोजन 11 से 13 मई को बिहार के गया शहर में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के 11 खिलाड़ियों सहित 15 सदस्यीय दल भाग ले रहा है।

ऊपरोक्त जानकारी देते हुए रायपुर जिला कलारिपयात्तु संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन ने राज्य कलारिपयात्तु संघ के महासचिव कमलेश देवांगन के हवाले से बताया कि रविवार 11 मई को सम्पन्न लाठी इवेन्ट में कोरबा के अर्जुन कुमार चंद्रा और अनंत स्वर्णकार की टीम ने लाठी फाइट का शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक दिलाया तथा कोरबा जिले, छत्तीसगढ़ को गौरवांवित किया। यह पहला मौका हैं कि कलारिपयात्तु खेल में खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ ने स्वर्णिम छलाँग लगाई है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक 06 खिलाड़ी कोरबा से 04 खिलाड़ी बालोद जिले से और 01 खिलाड़ी रायपुर जिले से है। रायपुर से चयनित समिधा अग्रवाल स्थानीय विवेकानंद मार्शल आर्ट एकेडमी देवेन्द्र नगर के संचालक अमन यादव की शिष्या है।

छत्तीसगढ़ कलारिपयात्तु संघ पदक विजेता दोनो खिलाड़ियों, उनके माता-पिता और कोच सहित समस्त खेल प्रेमियों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ से शामिल खिलाड़ियों में कोरबा जिले से रागिनी-(तलवार-ढाल एवं डंडा फाइट), तवर्णा पटेल (तलवार-ढाल एवं डंडा फाइट), कृष सिंधु-(तलवार-ढाल),राज गुप्ता-(तलवार- ढाल) ,अर्जुन कुमार चंद्रक-(डंडा फाइट), अनन्त स्वर्णकार (डंडा फाइट), बालोद जिले से सोनम साहू (हाई किक), जिया (डंडा फाइट),साधिके दुबे (डंडा फाइट), हर्षदीप साहू (हाई किक), रायपुर जिले से समिधा अग्रवाल (चुवादुकल-फ्री हैंड बेसिक लेग मूमेंट) शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ टीम में बालिका वर्ग में रागिनी, तवर्णा पटेल, जैस्मिन, सोनम साहू, जिया जायसवाल, समिधा अग्रवाल, कृष सिंधु एवँ बालक वर्ग में राजू गुप्ता, अर्जुन कुमार चंद्रा, अनन्त स्वर्णकार एवं हर्षदीप साहू खिलाड़ी के रूप में भाग लेंगे वही कोच के रूप में कमलेश देवांगन (कोरबा) एवँ हरबंश कौर (बालोद) तथा मैनेजर के रूप मे लखन कुमार साहू (बालोद) एवँ टी. एन रेड्डी (खेल विभाग) प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

स्टेट पिकलबाल डबल्स चैंपियनशिप के पहले दिन रोमांचक मुकाबले

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ द्वारा टर्फ 71 लक्की डबल्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे लगभग 60 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में पहले दिन लगभग 40 मुकाबले खेले गए।

मिक्स डबल्स

प्रेम एवं दिनेश्वरि ने अजय तांडी एवं संस्कृति को 11-8,विहार शरण भाटिया एवं सीमा जिंदल ने आगम अरोरा एवं फातिमा सर्वत को 11-1 से, अमन एवं सुजाता ने सीमा तायल एवं आदित्य को 11-2से, आरिश आगा चौबे एवं हैमिका ने कनिष्क एवं रीना को 11-2 से, वरुण एवं डॉ आनंदी ने सुरेश एवं आध्या अग्रवाल को 11-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

वुमेंस डबल्स

दिनेश्वरि एवं रीना ने संध्या एवं मनस्वी को 11-5 से, मुक्त मेरसा एवं भावना चौहान ने हैमिका एवं डॉ स्वाति को 11-10 से शिल्पी मटरेजा एवं अलका यादव ने डॉ आनंदी एवं सुजाता को 11-0 से, एवं सीमा तायल एवं संस्कृति तायल ने सीमा जिंदल एवं लवन्या जिंदल को 11-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मेंस डबल्स

अभिज़र एवं मोनेश रितेश एवं फहीम को 11-7से, आरिश एवं हेमराज ने अजय तांडी और संकित को 11-4 से, अजय नायक और रोहीन ने रोहन और हेनरी को 11-0से, कनिष्क और अभिषेक ने हर्ष और आगम को 11-8से,अयान और प्रेमप्रकाश ने दुर्गेश और धनेश्वर को 11-8से, हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुचे।

हार्ट अटैक का खतरा लगातार बढ़ते जा रहे, नए लक्षण भी मिल रहे

लगातार अपच और थकान की शिकायत को न करें अनदेखा, मामला हो सकता है दिल से जुड़ा

आमतौर पर हार्ट अटैक की स्थिति में सीने में दर्द, पसीना आने, सांस लेने में तकलीफ सहित कई अन्य समस्याएं देखी जाती रही हैं। पर क्या आप जानते हैं कि बिना इन लक्षणों के भी आपको हार्ट अटैक हो सकता है?

क्रॉनिक बीमारियों का खतरा दुनियाभर में तेजी से बढ़ता जा रहा है, समय के साथ कम उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। क्रॉनिक बीमारियां वे स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं जो लंबे समय तक आपको परेशान करती रहती हैं। ये आम तौर पर एक वर्ष या उससे अधिक समय तक बनी रहती हैं। हृदय की बीमारियां इन्हीं का उदाहरण हैं जो लंबे समय तक और कई बार आजीवन बनी रहती हैं। हाल के वर्षों में हार्ट अटैक के कारण बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है।

आमतौर पर हार्ट अटैक की स्थिति में सीने में दर्द, पसीना आने, सांस लेने में तकलीफ सहित कई अन्य समस्याएं देखी जाती रही हैं। पर क्या आप जानते हैं कि बिना इन लक्षणों के भी आपको हार्ट अटैक हो सकता है? कुछ स्थितियों में पाचन की दिक्कत, उल्टी-मितली की समस्या बने रहना भी हार्ट अटैक का एक संकेत हो सकता है।

डॉक्टर्स ने कहा है कि अगर किसी को भी कुछ समय से इस तरह की दिक्कत बनी रहती है और सामान्य उपचार से इसमें राहत नहीं मिल रहा है तो हृदय रोगों की भी जांच करानी चाहिए। संभव है कि ये लक्षण साइलेंट हार्ट अटैक के हो सकते हैं।

साइलेंट हार्ट अटैक को लेकर भी रहें सावधान

साइलेंट हार्ट अटैक के एक ऐसे ही मामले का जिक्र करते हुए लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में डॉक्टर अरविंद सिंह ने बताया कि हार्ट अटैक में हर बार सीने में दर्द हो या सांस लेने में तकलीफ हो ये जरूरी नहीं है।



उन्होंने बताया, हाल ही में अस्पताल में एक मरीज आया जिसकी जांच में 65% तक की ब्लॉकेज देखी गई। मरीज को पिछले कुछ दिनों से अपच, खाने का मन न करने, अक्सर थकान रहने की समस्या थी। सामान्य दवाओं से जब आराम नहीं मिला तो उसकी जांच की गई जिसके आधार पर डॉक्टरों ने पाया कि उसे साइलेंट हार्ट अटैक था। ब्लॉकेज खत्म करने के लिए आगे की उपचार प्रक्रिया की गई।

अब सवाल उठता है कि हार्ट अटैक तो ठीक है, ये साइलेंट हार्ट अटैक क्या होता है?

डॉक्टर बताते हैं, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट होता है, साइलेंट हार्ट अटैक में हार्ट अटैक जैसे लक्षण स्पष्ट नहीं होते हैं। आमतौर पर हार्ट अटैक के लक्षण या कोई भी लक्षण नजर न आने के कारण साइलेंट हार्ट अटैक की पहचान समय पर नहीं हो पाती है। कई लोगों को अक्सर हफ्तों के बाद इसका पता चल पाता है, जब ब्लॉकेज की समस्या काफी बढ़ जाती है और शरीर में कई प्रकार की गंभीर दिक्कतें होने लग जाती हैं।

हार्ट अटैक और साइलेंट हार्ट अटैक में क्या अंतर है?

साइलेंट हार्ट अटैक और हार्ट अटैक दोनों में नसों में ब्लॉकेज के कारण हृदय में रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है, इससे हृदय की मांसपेशियों को संभावित रूप से नुकसान होने का जोखिम रहता है। हालांकि, साइलेंट हार्ट अटैक में या तो कोई लक्षण नहीं होता या फिर ऐसे लक्षण दिखते हैं जिसकी पहचान नहीं हो पाती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, साइलेंट हार्ट अटैक ज्यादा खतरनाक हो सकता है क्योंकि आमतौर पर इसकी पहचान नहीं हो

पाती है या फिर इसका पता तब चलता है जब ब्लॉकेज काफी बढ़ चुका होता है।

फिर इसकी पहचान कैसे की जाए?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का अनुमान है कि हार्ट अटैक के कुल मामलों में से 22 से 30% तक साइलेंट हार्ट अटैक हो सकते हैं। महिलाओं या मधुमेह से पीड़ित लोगों में इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है।

साइलेंट हार्ट अटैक के लक्षण ऐसे होते हैं जिन्हें आप आमतौर पर हार्ट अटैक से जोड़कर नहीं देखते।

रिश्ता शुरू करने के साथ जान लें निभानें का भी तौर-तरीका

किसी के साथ प्यार की बातें करना तो बेहद आसान है, लेकिन उस रिश्ते को लंबे समय तक निभाना बेहद मुश्किल है। ज्यादातर लोग रिश्ते में आने के कुछ दिन बाद ही बोर होने लगते हैं। कई बार तो उनका रिश्ता कुछ गलतियों की वजह से कमजोर होने लगता है। इन गलतियों के कारण ही लोग रिश्ते की गहराई और उसकी ज़िम्मेदारियों को समझ नहीं पाते। यदि आप भी किसी से नया रिश्ता जोड़ने जा रहे हैं तो रिश्ते के कुछ नियमों को गांठ बांध लें। यदि आप इन बातों को गांठ बांध कर नहीं रिश्ते में कदम रखेंगे तो इससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

भरोसा है बेहद जरूरी

यदि रिश्ते में भरोसा न हो तो उसकी बुनियाद कमजोर हो जाती है। ऐसे में कभी भी अपने पार्टनर पर शक न करें। यदि कुछ गलतफहमी आपके बीच आ रही है तो पार्टनर से बैठ के उस बारे में बात करें और गलतफहमी को क्लियर करें। किसी भी रिश्ते में खुलकर बात करना बेहद जरूरी होता है। इससे आपस में समन्वय भी बढ़ता है।

फ्रीडम दें

हर रिश्ते में सामने वाले को स्पेस देना बेहद जरूरी होता है। ज्यादातर लोग हक जताने के चक्कर में सामने वाले को

डोमिनेट करने लगते हैं और उनकी आजाद को खत्म करने में लग जाते हैं। इससे रिश्ता कमजोर होने लगता है। अपने पार्टनर को स्पेस दें। उन्हें उनसे जुड़े फैसले लेने का पूरा हक है इस बात का हमेशा ध्यान रखें। ऐसा न करने पर पार्टनर का रिश्ते में दम घुटने लगेगा।

संवाद में पारदर्शिता रखें

यदि आप अपने पार्टनर से बातचीत नहीं करेंगे तो इससे संवाद में पारदर्शिता नहीं रहेगी। बात न करने से आपस में गलतफहमी हो जाती हैं। इसकी वजह से रिश्ते की नींव कमजोर होने लगती है। इसलिए पार्टनर से हर बारे ने खुलकर बात करें।

छोटी बातों का ध्यान करें

छोटी छोटी बातें आपके रिश्ते को मजबूत बनाने का काम करती हैं। जैसे कि उनसे पूछे कि खाना क्या ? तबियत कैसी है? अपना ध्यान रखना। इस तरह की बातें प्यार जताने का एक तरीका भी है। यदि आप ऐसा करेंगे को इससे आपके पार्टनर को अवश्य ही अच्छा लगेगा।

किसी ने न करें तुलना

तुमसे अच्छा तो मेरा ये दोस्त हैतुमसे अच्छा खाना मेरी मम्मी या बहन बनाती हैं। ये आउटफिट मेरी उस दोस्त पर ज्यादा अच्छा लगतायदि आप अपने पार्टनर की किसी से ऐसे तुलना करेंगे तो इससे उनका दिल दिखेगा। जो जैसा है उसे वैसे ही स्वीकार करें।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय न करें ये गलतियां, तरक्की में आ सकती हैं रुकावटें

ऑफिस डेस्क पर फूल रखना बहुत अच्छा होता है, लेकिन अक्सर लोग ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय वास्तु से जुड़ी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण नकारात्मक परिणाम झेलने पड़ जाते हैं।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि हमेशा फूलों का मुख आपकी तरफ हो यानी कि फूल आपकी ओर झुके हुए हों न कि किसी अन्य दिश की ओर, नहीं तो इससे सकारात्मकता दूसरी ओर चली जाती है और आपकी तरफ नकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल मुरझाए हुए न हों। अगर अप फूल रखते हैं तो उनके मुरझाने से पहले ही बदल लें नहीं तो इससे न सिर्फ नकारात्मकता बढ़ती है बल्कि वास्तु शास्त्र के अनुसार, सफलता प्राप्ति में भी दिक्कतें आनी शुरू हो जाती हैं।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल कांटेदार न हों। ऐसा इसलिए क्योंकि कांटेदार फूल का डेस्क पर होना नौकरी के मामलों में भी बार-बार संकटों के आने को दर्शाता है। अगर अप गुलाब रखते हों डेस्क पर तो उसके कांटे हटाकर फिर ही रखें।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल प्लास्टिक के न हों। वास्तु शास्त्र में प्लास्टिक को अशुद्ध धातु बताया गया है, ऐसे में उससे बने फूलों ओ ऑफिस डेस्क पर रखने से राहु का दुष्प्रभाव पड़ता है और नौकरी में बाधाएं आनी शुरू हो जाती हैं।

ढाबा स्टाइल की शानदार लस्सी बनाएं, होगी तारीफ

लस्सी ज्यादातर ढाबों पर काफी अच्छी मिलती है, लेकिन हर रोज ढाबे की लस्सी पीना संभव नहीं है। ऐसे में यहां हम आपको ढाबा स्टाइल लस्सी बनाने का आसान तरीका बताएंगे, ताकि आप घर पर ही इसे तैयार कर पाएं।



ल स्सी बनाने ताजा द ही – 1 . 5 कप,पिसी हुई चीनी–स्वादानुसार, ठंडा दूध–1/4 कप, बर्फ के टुकड़े–4-5, इलायची पाउडर,केसर या गुलाब जल,मिक्सर या मथनी,ऊपर से डालने के लिए दही की मलाई और ड्रायफ्रूट्स रखें। इसके लिए एक बड़े जग या बर्तन में ठंडा दही, चीनी, इलायची पाउडर, बर्फ के टुकड़े और थोड़ा दूध डालें। इसमें आपको दूध ज्यादा नहीं डालना है, वरना लस्सी पतली हो जाएगी, जिससे इसका स्वाद बिगड़ जाएगा। ढाबा स्टाइल लस्सी की सबसे अहम खासियत ही उसका गाढ़ापन है। सभी चीजों को एक बर्तन में या फिर मिक्सी के जार में डालकर अब इसे अच्छी तरह से मिक्स करें। जब ये अच्छी तरह से ब्लेंड हो जाएगा तो इसमें झाग उठने लगेंगे। जब ये सही से ब्लेंड हो जाए तो लस्सी को गिलास में डालें। अब इसमें ऊपर से दही की गाढ़ी-गाढ़ी मलाई डालें और कटे हुए ड्रायफ्रूट्स से सजाएं। चाहें तो गुलाब जल या केसर के कुछ धागे भी डाल सकते हैं। बस लस्सी तैयार है। चाहें तो इसे थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रख दें, उसके बाद ही परोसें।

कार्नर न्यूज

तेज धूप में निकलने से पहले बरतें सावधानी

तेज़ धूप में निकलने से बचें, चक्कर आए तो घबराने के बजाय अपनाएं इमरजेंसी टिप्स

तेज गर्मी में कई बार चक्कर आ जाते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इससे निपटने के लिए आपको कुछ इमरजेंसी टिप्स अपनाने चाहिए। गर्मी का सितम हम सब देख रहे हैं। 40 डिग्री तापमान हर किसी को अंदर से झुलसा रही है। बहुत ऐसे लोग हैं, जिन्हें धूप में चलते वक्त चक्कर आ जाता है, आंखों के सामने अंधेरा छा जाता है या बंदा देखते ही देखते होश खो बैठते है। इस तरह के हालात को नजरअंदाज करना खरतरनाक हो सकता है। ये हीट स्ट्रोक या डिहाइड्रेशन का संकेत हो सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। कुछ सही कदम उठा कर हालात को काबू में किया जा सकता है।

धूप में चक्कर आने के पीछे शरीर में पानी की कमी, हटी एक्जॉशन, बीपी का गिरना और सिर का ज्यादा गर्म होना मुख्य वजह माना जाता है।

चक्कर आए तो क्या करें?

अगर चक्कर आ रहा है, तो चलना या खड़े रहना खतरनाक हो सकता है। किसी पेड़ की छांव या दुकान या आस पास ठंडी जगरह बैठ जाएं। अगर आपने कुछ भारी कपड़े पहन रखें हैं, तो उसे हटा कर रिलैक्स करें,

धूप में पसीना आने से शरीर से पानी,सोडियम और पोटेशियम निकल जाते हैं। कोशिश करें की ओआरएस का घोल पिएं, अगर ओआरएस नहीं है, तो नींबू पानी घूंट-घूंच करके पिएं। इससे इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस होगा और उर्जा मिलगी।



थोड़ी देर बाद ठंडे पानी से चेहरा धोएं। सिर पर वेट टिश्यू रखें। इससे तापमान कम होगा और ब्लड फ्लो नॉर्मल होगा। आंखों को बंद करके गहरी सांस लें। यह नर्वस सिस्टम को शांत करता है और चक्कर को कम करने में मदद करता है।कुछ देर में अगर आप नॉर्मल महसूस नहीं कर रहे हैं, तो फौरन डॉक्टर से मिलें। डॉक्टर आपको आपके स्थिति अनुसार इलाज देंगे। गर्मियों के मौसम में आप खुद को हाइड्रेट रखें। शरीर को रोज करीब 8 से 10 गिलास पानी की जरूरत होती है। कोशिश करें कि दिन भर पानी पीते रहे।

इसके अलावा आप इस समस्या से उबरने के लिए रोज एक मुट्ठी बादाम का सेवन करें। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन ए बी और ई होता है जो चक्कर आने की समस्या को दूर कर सकता है। घर से निकलते वक्त चाय या कॉफी के सेवन के बजाय आप हर्बल टी का सेवन करें इससे भी आप चक्र की समस्या से बच सकते हैं। ताजे फलों का जूस पीना भी बहुत फायदेमंद होता है।रोजाना सुबह के समय ताजे फलों का जूस पिएं।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' सीक्वल को 'सुपरनोवा' शीर्षक मिला

'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' का सीक्वल है 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग : सुपरनोवा'। इस फिल्म को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं और इसके टाइटल से लेकर इसकी स्टारकास्ट और रिलीज की तारीख का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' के सीक्वल का नाम है 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः सुपरनोवा'। यह फिल्म 26 मार्च, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। कंपनी ने एक छोटा टीजर वीडियो भी जारी किया है, जिसमें मोनार्क नामक संगठन का दफ्तर दिखाया गया है। मोनार्क विशाल राक्षसों (टाइटन्स) पर नजर रखता है। वीडियो में एक हॉटलाइन नंबर दिखाया गया है, जिस पर कॉल करके प्रशंसक संदेश सुन सकते हैं। संदेश में कहा गया है कि टाइटन्स की जानकारी देना दुनिया को सुरक्षित रखने में मदद करता है। "सुपरनोवा" मॉन्स्टरवर्स की छठी फिल्म है, जो 2024 की हिट फिल्म "गॉडज़िला एक्स कॉन्गः द न्यू एम्पायर" का सीक्वल है। अभिनेता डैन स्टीवंस ट्रैपर की भूमिका में वापस आएंगे और नए कलाकारों में कैटलिन डेवर, जैक ओ'कॉनेल, डेलरॉय लिंडो, मैथ्यू मोडिन, एलिसिया डेबनाम-केरी और सैम नील शामिल हैं। टीजर में ज्यादा कुछ नहीं दिखाया गया, लेकिन इसमें एरिजोना के सेडोना से एक कॉल आती है, जो "गॉडजिलाः किंग ऑफ द मॉन्स्टर्स" में स्काइला नामक राक्षस के जागने की जगह थी। वीडियो में गॉडजिला का बॉबलहेड और "कीप कोंग एंड सीरी ऑन" लिखा हुआ मग भी दिखाया गया है।

टॉलीवुड

चिरंजीवी-श्रीदेवी की फिल्म का आएगा सीक्वल, राम चरण के साथ जाह्नवी बनेगी की जोड़ी

मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी मशहूर फिल्म 'जगदेका वीरुडु अ थि लो का सुंदरी' के सीक्वल की संभावना पर बात की। उन्होंने यह भी बताया कि वह इसके सीक्वल में अपने बेटे राम चरण के साथ किस अभिनेत्री को मुख्य भूमिका में देखना पसंद करेंगे। खबर के अनुसार, हाल ही में चिरंजीवी ने एक इंटरव्यू में अपनी फिल्म 'जगदेका वीरुडु अथिलोका सुंदरी' के सीक्वल को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म के लिए राम चरण और जान्हवी कपूर की जोड़ी परफेक्ट होगी। इसके अलावा फिल्म को अश्विनी दत्त की बेटियों को प्रोड्यूस करना चाहिए और नाग अश्विन को राघवेंद्र राव के मार्गदर्शन में निर्देशन करना चाहिए। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट बताया। वहीं राम चरण ने भी फिल्म की दोबारा रिलीज के उत्सव में हिस्सा लिया और इसे एक खास मौका बताया। उन्होंने कहा कि वह बचपन में सुने गाने जय चिरंजीव जगदेका वीरा से बहुत प्रभावित थे। सीक्वल के बारे में पूछे जाने पर राम चरण ने मजाक में कहा कि दर्शक अब भी जानना चाहते हैं कि फिल्म के आखिर में अंगूठी और मछली का क्या हुआ। उन्होंने नाग अश्विन से इसका जवाब देने की मांग की।

फिल्म 'जगदेका वीरुडु अथिलोका सुंदरी' 9 मई, साल 1990 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को JVAS के नाम से भी जाना जाता है, 1990 की भारतीय तेलुगु -भाषा की फंतासी फिल्म का निर्देशन के राघवेंद्र राव ने किया है। इस फिल्म में चिरंजीवी और श्रीदेवी ने मुख्य भूमिका निभाई है, जबकि अमरीश पुरी, कन्नड़ प्रभाकर, अल्लू रामलिंगैया और रामी रेड्डी सहायक भूमिकाओं में नजर आए। फिल्म का निर्माण सी. अश्विनी दत्त ने वैजयंती मूवीज के बैनर तले किया था। फिल्म की कहानी एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक अंगूठी मिलती है, जो पहनने वाले को बहुत शक्ति देती है, लेकिन जिस देवी ने अंगूठी खो दी थी, वह उसे वापस अपनी दुनिया में वापस जाने के लिए चाहती है।

भोजपुरी

भावुक कर देगी 'पैसे वाली बहू' की कहानी, लाचार भाई और मुन्ना रूबरू होंगे दर्शकों से

परिवार और रिश्तों से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं है। प्यार और जिम्मेदारी तब और बढ़ जाती है, जब कोई अपना लाचार हो। अजय कुमार के डायरेक्शन में बनी नई भोजपुरी फिल्म 'पैसे वाली बहू' दो भाइयों के एक ऐसे ही रिश्ते की भावुक कर देने वाली कहानी है। शुक्रवार, 9 मई को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। चार मिनट 19 सेकेंड के इस ट्रेलर में संचिता बनर्जी, जय यादव, काजल त्रिपाठी और शुभ किशन शुक्ला जैसे दिग्गज कलाकार आपके दिल के हर तार को छेड़ने का काम कर जाते हैं।

'वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी' के यूट्यूब चैनल पर रिलीज इस ट्रेलर को जमकर देखा जा रहा है। कहानी एक परिवार और उससे कहीं आगे दो भाइयों की है। इसमें से एक भाई दिमागी रूप से कमजोर है। इसलिए दूसरे भाई की जिम्मेदारी और अधकि बढ़ जाती है। यह भाई अपने जिगर के टुकड़े की हर मुराद पूरी करना चाहता है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जो मंदबुद्धि भाई एक अमीर घर की शहर वाली लड़की को अपनी भाभी बनाने पर आमदा हो जाता है।

मनोज गुप्ता की लिखी इस भोजपुरी फिल्म की कहानी में जैसे-तैसे उस अमीर लड़की को मनाया जाता है।

पिछले सप्ताह जापान के कंसाई क्षेत्र स्थित नारा प्रान्त में "प्रबुद्ध"फैशन शो हुआ। जिसमें दस बौद्ध भिक्षुओं को कुल 1,500 मॉडलों में से चुना गया। इस शो की थीम ₹बी-बोज़ू₹ अर्थात ₹सुंदर बौद्ध भिक्षु₹ रखी गई थी। इन्होंने अलग-अलग तरह की ड्रेस-अप में कैटवॉक पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कोयासन शिंगोन संप्रदाय के युवा बौद्ध भिक्षुओं ने इस फैशन शो का आयोजन किया था।

इस एक नुस्खे से गायब हो जाएगी महीनों से जमा टैनिंग

टैनिंग एक ऐसी समस्या है, जिससे महिलाओं के साथ-साथ पुरुष भी परेशान रहते है। टैनिंग होने का मुख्य कारण धूप की हानिकारक किरणें हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में लोगों को हमेशा सलाह दी जाती है कि वो खुद को कवर करके बाहर निकलें और सनस्क्रीन का ज्यादा इस्तेमाल करें। लेकिन इन सबके बावजूद त्वचा पर टैनिंग हो ही जाती है।

इसी वजह से कई बार महिलाएं स्लीवलेस पहनने से भी कतराने लगती हैं। यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं जो टैनिंग से परेशान हैं, तो यहां हम आपको एक सिंपल सा नुस्खा बताने जा रहे हैं, ताकि आप घर बैठे टैनिंग हटा सकें।

नींबू और एलोवेरा

आसान विधि से टैनिंग हटाना चाहते हैं तो इन दोनों चीजों की मदद ले सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि एलोवेरा जेल और नींबू का मिश्रण त्वचा पर एकदम जादू के जैसा ही असर करता है। खासतौर पर गर्मी के मौसम में तो ये काफी राहत पहुंचाने का काम करता है।

आसान विधि ये टैनिंग हटाने के लिए यदि आप इन दोनों चीजों का पेस्ट बनाना चाहते हैं तो आपको ताजा एलोवेरा जेल, नींबू के रस और ब्रश की जरूरत पड़ेगी। नींबू में नेचुरल ब्लीचिंग एजेंट होते हैं और एलोवेरा त्वचा को ठंडक और पोषण देता है।

अब बारी आती है इसको सही तरह से लगाने की तो चेहरे से लेकर हाथ-पैरों तक में जहां भी टैनिंग है तो पहले उस त्वचा को अच्छी तरह

से साफ कर लें। इसके लिए किसी अच्छे क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। जब त्वचा को साफ कर लें तो उसपर ब्रश की मदद से पेस्ट को पूरी तरह से लगाएं।

अब इस पेस्ट को ऐसे ही कम से कम 20 मिनट लगा रहने दें। 20 मिनट के बाद त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें। आप हफ्ते में तीन बार इस नुस्खे को अपना सकते हैं, ताकि आपकी त्वचा की टैनिंग पूरी तरह से साफ हो जाए।

पार्टी में चाहती हैं क्लासी लुक तो वियर करें खास मिडी ड्रेसेस

पार्टी में शामिल होने के दौरान आप इस तरह की मिडी ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिये बेस्ट है और इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा। पार्टी में शामिल होने के दौरान महिलाएं स्टाइलिश नजर आना चाहती हैं और इसके लिए वो इस मौके पर ड्रेस स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं, अगर आप किसी पार्टी में शामिल हो रही हैं और क्लासी लुक चाहती हैं तो, मिडी ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग और स्टाइलिश नजर आएगा।



पार्टी वियर मिडी ड्रेसेस

आपको कुछ पार्टी वियर ड्रेस दिखा रहे हैं। जो आप पार्टी में क्लासी और स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग भी नजर आएगा।

वन पीस मिडी ड्रेस

अगर आप पार्टी में न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह की मिडी ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। यह वन पीस मिडी ड्रेस पार्टी में स्टाइल करने के लिए बेस्ट है और ये राउंड नेक डिजाइन साथ ही, स्लीवलेस है। वहीं इस तरह की ड्रेस आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएंगी साथ ही, बाजार से भी आप इसे 700 से 800 रुपये की कीमत में ले सकती हैं। इस ड्रेस के साथ हील्स साथ ही,लॉन्ग इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

नेट मिडी ड्रेस

इस तरह की ड्रेस भी न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आपका लुक स्टाइलिश और सबसे अलग नजर आएगा। यह ड्रेस नेट में है साथ ही, स्लीवलेस है। इस तरह की ड्रेस wow लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे आप 1,000 रुपये में कई सारे कलर और पैटर्न में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ आप पर्ल वर्क इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं और फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं।

मॉडर्न आउटफिट्स के साथ इस तरह स्टाइल करें ट्रेडिशनल ज्वैलरी

अमूमन स्टाइलिंग के दौरान आउटफिट के साथ-साथ ज्वैलरी का भी अहम रोल होता है। अक्सर अपने आउटफिट को ध्यान में रखते हुए ज्वैलरी को स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि हर बार आप खुद को एक ही तरह से स्टाइल करें। अगर आप चाहें तो अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं और हर बार एक न्यू लुक क्रिएट कर सकती हैं। मसलन, अब तक आप साड़ी, लहंगा या सूट के साथ ट्रेडिशनल ज्वैलरी को स्टाइल करती आई होंगी। लेकिन क्या आपको पता है कि आप इसे मॉडर्न आउटफिट के साथ भी आसानी से पेयर कर सकती हैं।

जींस के साथ पहनें झूमके

झूमकों को आपने अब तक अनारकली सूट, साड़ी या लहंगे के साथ ही पेयर किया होगा। लेकिन अगर आप चाहें तो इसे जींस के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। जी हां, क्लासिक सिल्वर या ऑक्सीडाइज्ड झुमके को एक सिंपल सफेद शर्ट या क्रॉप टॉप और हाई-वेस्टेड जींस के साथ भी पहने जा सकते हैं। ये कंट्रास्ट एकदम शानदार लगता है। अपने लुक को एक परफेक्ट टच देने के लिए आप मैसी बन व हल्की कोहल आइज लुक कैरी करें।

ब्लेजर के साथ पहनें मांग टीका

ब्लेजर के साथ मांग टीका का कॉम्बिनेशन सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन अगर आप मोनोक्रोम पैंटसूट या ब्लेज़र ड्रेस पहन रही हैं, तो एक सिंपल सा कुंदन या मोती वाला मांग टीका आपको एक इंडो-वेस्टर्न लुक देगा। अगर आप हमेशा अपने लुक में एक नयापन चाहती हैं तो आप इस एक्सपेरिमेंट को ट्राई कर सकती हैं।

मांग में सिंदूर भरते समय इन हैक्स का रखें ध्यान, ताकि लुक दिखे सादगी भरा

शादी के बाद से सिंदूर हर सुहानिग महिला के श्रृंगार का सबसे अहम हिस्सा बन जाता है। महिलाएं फिर चाहे कुछ भी मेकअप न करें, लेकिन फिर भी सिंदूर अप्लाई अवश्य करती हैं। इससे उनकी खूबसूरती में भी चार चांद लग जाते हैं। पर, कई बार सिंदूर लगाते समय महिलाएं जाने-अनजाने में कुछ गलतियां कर जाती हैं, जिनकी वजह से उनका लुक बिगड़ जाता है।

सबसे पहले बालों को करें सेट

सिंदूर लगाने के लिए सबसे पहले बालों को सही से सेट अवश्य करें। यदि आप उलझे और बिगड़े हुए बालों में सिंदूर लगाएंगी तो उससे ये बिखर जाएगा। इसलिए पहले जैसी हेयर स्टाइल आपको रखनी है, उसी अंदाज में अपने बालों को सेट कर लें और फिर उसके बाद सिंदूर लगाएं।

स्कैल्प को करें साफ

यदि आपको काफी पसीना आता है तो स्कैल्प को साफ करके ही सिंदू अप्लाई करें। पसीने वाली त्वचा पर यदि आप सिंदूर लगाएंगी तो इससे ये चिपकने लगेगा। इसलिए पहले टिश्यू से मांग को पूरी तरह साफ करें और फिर सिंदूर लगाएं।

ब्रश का इस्तेमाल करें

सिंदूर लगाते समय उंगली की जगह यदि आप ब्रश का इस्तेमाल करेंगी तो इससे ये फैलेगा नहीं। इसलिए इसे उंगली से लगाने की जगह ब्रश का स्टिक की मदद से अप्लाई करें। ब्रश से सिंदूर ज्यादा भी नहीं लगेगा।

कार्नर न्यूज

मौसम के अनुरूप होना चाहिए आपका फैब्रिक

गर्मी के मौसम में भूल से भी न पहनें इन फैब्रिक के कपड़े, वरना त्वचा पर होगा गलत असर

गर्मी के मौसम में सही कपड़ों का चयन करना बेहद जरूरी हो जाता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि गर्मी के मौसम में आपको किन फैब्रिक के कपड़े कैरी नहीं करने चाहिए। गर्मी के मौसम में जिस तरह से खान-पान का अच्छा ध्यान रखना चाहिए, ठीक उसी तरह से ही पहनावे पर भी ध्यान देना चाहिए। यदि आप इस मौसम में गलत कपड़े पहनेंगे तो आपकी त्वचा पर घमौरियों जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन अगर आप सही फैब्रिक के कपड़े पहनेंगे तो पसीने और गर्मी से होने वाली दिक्कतें आपके दूर रहेंगी।

यहां हम आपको उन फैब्रिक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें गर्मी के मौसम में भूल से भी कैरी नहीं करना चाहिए, ताकि बच्चे से लेकर बड़े तक गर्मी में बिना किसी परेशानी के रह सकें।

पॉलिएस्टर: ये एक ऐसा एक सिंथेटिक फैब्रिक होता है, जिसे बनाने में कई प्रकार के सिंथेटिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। यदि आप इसे कैरी करेंगे तो इसकी वजह से आपके चेहरे पर चिपचिपाहट की वजह से घमौरियां हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि पॉलिएस्टर फैब्रिक के कपड़े हवा को शरीर तक पहुंचने नहीं देते हैं।

नायलॉन : बात करें नायलॉन फैब्रिक की तो ये फैब्रिक की तो ये फैब्रिक भी पसीना रोकता है और हवा का संचार नहीं होने देता। इसे पहनने से शरीर में गर्मी फंस जाती है, जो रैशेज और खुजली को बढ़ावा देती है। कई बार तो खुजली इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर तक के पास जाना पड़ जाता है।

रेयान : ये कपड़ा भले ही देखने में काफी हल्का होता है, लेकिन ये भी हवा को आस-पास नहीं होने देता। जिस वजह से स्किन से

संबंधी परेशानियां जन्म लेने लगती हैं। ये फैब्रिक सिंथेटिक होता है, जिस वजह से गर्मी में यह भी घमौरियों की वजह बन सकता है।

लेदर : गर्मी से मौसम में कभी भी भूलकर लेदर के कपड़े तो न ही पहनें। ये आपकी शरीर में कई परेशानियां पैदा कर देंगे। इसकी वजह से आपकी त्वचा पर खुजली की समस्या पैदा हो सकती है। लेदर की वजह से घमौरियां होना तो बेहद ही आम बात है।

तो क्या पहनें ?: गर्मी के मौसम में क्या पहनना सही रहता है, यहां हम आपको इस बारे में भी बताएंगे। दरअसल, इस मौसम में आपको लिनेन फैब्रिक के कपड़े, सूती कपड़े, खादी के कपड़े, शिफॉन के कपड़े कैरी किए जा सकते हैं। ये चारों फैब्रिक त्वचा को काफी आराम पहुंचाते हैं।